


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 160 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 13 मार्च 2026 डाक 14 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।


**देश-विदेश**
मोजतबा की चेतावनी- बंद रहेगा होर्मुज का रास्ता पेजेशकियान ने युद्ध समाप्त करने के लिए रखी ये तीन शर्तें


**फीचर पेज**
केला एक प्रकृति का सुपरफूड, जो हर उम्र में रखे सेहत का ख्याल


## एलपीजी संकट पर लोकसभा में हंगामा, सदन हुआ स्थगित



नईदिल्ली 13 मार्च [एजेंसी]।

बजट सत्र के दूसरे चरण के पांचवे दिन विपक्ष सरकार को दोतरफा घेरने की योजना बना रहा है। एक तरफ विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग नोटिस सौपने की तैयारी में है। वहीं दूसरी ओर बढ़ती गैस कीमतों को लेकर भी हंगामा करने की संभावना है। एलपीजी की कमी की खबरों पर शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस स्थिति के लिए विपक्ष को दोष देना जिम्मेदारी से भागने के बराबर है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के बयान के संदर्भ में समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि हम सरकार से पूछ रहे हैं कि एलपीजी की उपलब्धता के लिए उनके क्या इंतजाम हैं। आम जनता को एलपीजी खरीदने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। राज्यसभा में विपक्षी नेताओं ने विदेश मंत्रालय या वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की मांग की है। सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा बिजनेस एडवाइजरी कमिटी (बीएसी) की बैठक में उठाया गया। विपक्षी सांसदों ने कहा कि 2010 के बाद से इन दोनों मंत्रालयों पर राज्यसभा में कोई चर्चा नहीं हुई है।

## तो महिलाओं को कोई भी नौकरी नहीं देगा..., पीरियड्स लीव की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली 13 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट में महिला छात्रों और कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टी देने वाली देशव्यापी नीति बनाने की मांग की गई थी, लेकिन आज शुक्रवार को कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में कोई भी उन्हें नौकरी नहीं देगा। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि विभाग से जुड़े प्राधिकारी इस आवेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श करने के बाद मासिक धर्म की छुट्टी पर एक नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा, ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए और यह जताने के लिए दायर की गई हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, यह एक सकारात्मक अधिकार है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए जिसे सवेतन छुट्टी देनी होगी।

# 1200 मिसाइलें और निशाने पर चार देश... ट्रंप ने बताया क्या था ईरान का मेगा प्लान?



वाशिंगटन, 13 मार्च [एजेंसी]।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के द ब्रायन किलमीड शो को दिए इंटरव्यू में ईरान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने कहा कि पिछले चार महीनों से ईरान ने हजारों मिसाइलें मध्य पूर्वी देशों की ओर तैनात कर रखी थीं और वह पूरे क्षेत्र पर कंट्रोल करने की तैयारी में थे। खासकर उन्होंने बताया कि ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान और सऊदी अरब पर 1,200 मिसाइलें साध रखी थीं।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर हालिया हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा था कि वे शहीदों का बदला लेने से पीछे नहीं हटेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 28 फरवरी को तेहरान में अमेरिकी-इजरायली हमलों में मोजतबा खामेनेई के पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत हो गई थी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इस हमले में खुद मोजतबा भी घायल होकर कोमा में चले गए। ट्रंप ने खामेनेई की हालत पर कहा, मुझे लगता है कि वे जिंदा हैं। वे चोटिल हैं, लेकिन किसी रूप में जिंदा हैं। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने पर जोर देते हुए कहा कि जहाजों को बिना डर के गुजरना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ईरान की नौसेना नहीं बची है और अमेरिका ने उसके सभी जहाज डुबो दिए हैं। ट्रंप ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरें और कुछ साहस दिखाएं। उन्हें डरने की कोई बात नहीं है। उनके पास नौसेना नहीं है और हमने उनके सभी जहाज डुबो दिए। यह दावा अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच आया है, जहां ईरान ने जवाबी हमलों में कई देशों को निशाना बनाया है। क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इसका असर पड़ रहा है। ट्रंप के बयानों से लगता है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने में सफल रहा है, लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है

## दुबई में ईरान का फिर हमला, बुर्ज खलीफा के पास बिल्डिंग धुआं-धुआं



**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल युद्ध आज 14वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस बीच शुक्रवार को दुबई में तेज धमाकों की आवाज से पूरा शहर दहल उठा। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास की इमारते हिल गई। शहर के बीच में काला धुआं छा गया। इससे जुड़ा एक विडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आ रहा है जिसमें घटना वाली बिल्डिंग के पीछे बुर्ज खलीफा साफ नजर आ रहा है। मुताबिक इस धमाके के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने इमारतों को हिलते हुए महसूस किया। दुबई मीडिया कार्यालय ने कहा कि धमाके से निकले मलबे के कारण मध्य दुबई में एक इमारत के बाहरी हिस्से में एक मामूली घटना हुई। अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में लिखा गया, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक सफल बचाव अभियान के दौरान गिरे मलबे के कारण मध्य दुबई में एक इमारत के पर एक मामूली घटना हुई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात शहर की मुख्य सड़क शेख जायद रोड की दिशा से सायरन की आवाजें सुनाई दे रही थीं।

### झारखंड विधानसभा में गैस सिलेंडर के साथ हंगामा

## सत्ता पक्ष ने पीएम मोदी और ट्रंप के खिलाफ लगाए नारे!



रांची, 13 मार्च [एजेंसी]।

झारखंड विधानसभा में आज बजट सत्र के 13वें दिन हंगामा देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गैस सिलेंडर की किल्लत, पेट्रोल-डीजल तथा घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भीतर और बाहर सत्तापक्ष (मुख्य रूप से JMM, कांग्रेस और RJD के विधायक) ने गैस सिलेंडर के साथ प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के लिए जनता में हो रहे हाहाकार का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को चुनौती दी और केंद्र सरकार पर महंगाई तथा गैस संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया। जनता त्राहिमाम है। विपक्ष की ओर से भाजपा विधायकों ने भी सदन में विरोध जताया, लेकिन सत्तापक्ष के प्रदर्शन को राजनीतिक करार दिया। जदयू के सरयू राय ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार कोई कमी नहीं कर रही है, बल्कि सत्तारूढ़ दलों के विधायक राजनीति कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के नेता संसद में चर्चा से भागते हैं और मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहते। यह प्रदर्शन देशव्यापी एलपीजी संकट के बीच हो रहा है, जो मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में तनाव के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित होने से जुड़ा बताया जा रहा है। झारखंड में भी घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से लोग परेशान हैं, एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं।

## असम आंदोलन के शहीदों को भाजपा ने दिया उचित सम्मान : सीएम सरमा



गुवाहाटी, 13 मार्च [एजेंसी]।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि सही दिशा में डाला गया एक वोट कई पीढ़ियों के भविष्य को संवारने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार ने असम आंदोलन के दौरान दिए गए बलिदानों का सम्मान करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जिम्मेदारी से वोट देने के महत्व पर जोर दिया और असम आंदोलन के शहीदों को सम्मान देने के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र किया।

उन्होंने लिखा, एक सही वोट की ताकत पीढ़ियों तक आपके साथ रहती है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार, असम आंदोलन के शहीदों को ऐसी श्रद्धांजलि दी गई है जो उनके बलिदान की महानता को सही मायने में दर्शाती है। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने उस ऐतिहासिक आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वालों की विरासत को सम्मान देने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। 1979 से 1985 तक चला असम आंदोलन एक जन-आंदोलन था जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से छात्रों और नागरिक समूहों ने किया था। इस आंदोलन की मांग थी कि अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकाला जाए और साथ ही राज्य के लोगों की पहचान, संस्कृति व राजनीतिक अधिकारों की रक्षा की जाए।

सरमा ने कहा कि सरकारों की ओर से लिए गए निर्णय केवल प्रशासनिक कदम ही नहीं होते बल्कि वे यह भी तय करते हैं कि कोई समाज अपने अतीत को किस तरह याद रखता है और अपने भविष्य का मार्ग किस प्रकार निर्धारित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस आंदोलन के शहीदों का सम्मान करना वर्तमान पीढ़ी के लिए गर्व और दायित्व की बात है। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, कुछ फैसले न सिर्फ़ आज को बल्कि इस बात को भी आकार देते हैं कि हम अपने अतीत का सम्मान कैसे करते हैं और अपने भविष्य का निर्माण कैसे करते हैं।

## ओडिशा के कांग्रेस विधायक बेंगलुरु शिफ्ट राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग की चिंता



**ओडिशा।** ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायकों को बेंगलुरु स्थानांतरित कर दिया है। इसे व्यापक रूप से अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए रिसॉर्ट राजनीति के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि विधायकों को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की देखरेख में बेंगलुरु लाया गया था।

विधायक और पार्टी नेता गुरुवार रात को इंडिगो की फ्लाइट से भुवनेश्वर से बेंगलुरु पहुंचे थे। वे गुरुवार रात करीब 11 बजे केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां शिवकुमार के करीबी सहयोगियों ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे से विधायकों को पुलिस सुरक्षा में सीधे रामनगर जिले के बिदादी स्थित एक रिसॉर्ट में ले जाया गया है।

## धौलाना इंडस्ट्रियल एरिया में प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर



हापुड़, 13 मार्च [एजेंसी]।

मसूरी-गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक प्लाईवुड फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फैक्ट्री परिसर धुएं और लपटों से घिर गया। दमकल की टीमें आग बुझाने में जुटी हुई थीं। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी शिवम गोयल की फेस-1 में बिहारी जी लैमिनेट नाम से प्लाईवुड बनाने की फैक्ट्री है। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे फैक्ट्री खुलने से पहले ही लकड़ी के सामान में अचानक आग लग गई। लकड़ी और प्लाईवुड के बड़े भंडार के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया।

घटना की सूचना मिलने के लगभग 20 मिनट बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। मौके पर पुलिस बल भी तैनात है और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया जा रहा है। फैक्ट्री में रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों के अनुसार आग बुझने के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो सकेगा।

### जयराम ठाकुर का सरकार पर तीखा हमला

## चुनाव टालना विकास विरोधी फैसला, कांग्रेस के लिए सत्ता सिर्फ सुख भोगने का साधन



मंडी, 13 मार्च [एजेंसी]।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव टालना सरकार का विकास विरोधी फैसला है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। यदि समय पर चुनाव हो जाते तो आज गांवों में विकास कार्य युद्धस्तर पर हो रहे होते। आपदा का बहाना बनाकर पंचायत चुनाव टाल दिए गए लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी राहत और पुनर्निर्माण कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। जयराम ने अपने गृह क्षेत्र सराज के छतरी में प्रवास के दौरान कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में सड़कें अब भी मलबे से अटी पड़ी हैं, पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त और बिजली के खंभों तक की सुध नहीं ली गई है। कई स्थानों पर पुलिया निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को उबड़-खाबड़ रास्तों से पैदल आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से लगातार सहायता मिलने के बावजूद पंचायत स्तर पर विकास कार्य ठप हैं। कांग्रेस के लिए सत्ता केवल सुख भोगने का माध्यम बन गई है जबकि भाजपा इसे सेवा का अवसर मानती है। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन के नारे पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में यह नारा व्यवस्था पतन का प्रतीक बन गया है। सरकार का ध्यान विकास पर नहीं बल्कि अपने मित्रों को उपकृत करने और उनके घर भरने पर केंद्रित है जिसके लिए पार्टी के कर्मठ नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सराज के छतरी कालेज व आईटीआई की उपेक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दूरदराज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भटकना न पड़े, इसी सोच के साथ इन संस्थानों की स्थापना की गई थी लेकिन वर्तमान सरकार ने आईटीआई के कई ट्रेड कम कर दिए और कालेज को बंद करने तक का मसौदा तैयार कर लिया था।

## श्रीनगर में जामा मस्जिद के दरवाजे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को श्रीनगर स्थित जामा मस्जिद के दरवाजे बंद होने पर दुख और चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज रमजान के अंतिम शुक्रवार को हजारों की संख्या में लोग नमाज पढ़ने और दुआ के लिए यहां आते, लेकिन इससे पहले ही मस्जिद के सभी दरवाजे लोगों के लिए बंद कर दिए गए हैं, जो बेहद दुखद है। मीरवाइज उमर फारूक ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रमजान के अंतिम शुक्रवार को जब हजारों की संख्या में लोग नमाज व दुआ के लिए इकट्ठा होते, तो इस बार भी मस्जिद के दरवाजे पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। यह लगातार सातवां साल है जब स्थानीय प्रशासन ने जामा मस्जिद में इकट्ठा होकर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## भारत को छूट के बाद अमेरिका ने दी बाकी देशों को राहत, कहा- खरीद लो रूस का तेल



इजरायल, 13 मार्च [एजेंसी]।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रभाव ऊर्जा बाजारों पर पड़ा है। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से तेल की बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में अमेरिका ने कई देशों को रूस से तेल खरीदने की छूट दी है। ट्रंप प्रशासन ने अन्य देशों को रूस से तेल खरीदने के लिए अस्थायी अनुमति देने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने भारत को भी रूस से तेल खरीदने की छूट देने के बारे में कहा था। यूएस के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप वैश्विक ऊर्जा बाजारों में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक कदम उठा रहे हैं और कीमतों को कम रखने के लिए काम कर रहे हैं। बेसेंट ने कहा, मौजूदा आपूर्ति की वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए, अन्य देशों को रूस से तेल खरीदने की छूट देने के लिए एक अस्थायी प्राधिकरण प्रदान कर रहा है। यह तेल फिलहाल समुद्र में फंसा हुआ है।बेसेंट ने आगे कहा, यह विशेष रूप से तैयार किया गया अल्पकालिक उपाय केवल उस तेल पर लागू होता है जो पहले से ही जहाज पर है और समुद्र में फंसा हुआ है। ट्रंप के मंत्री ने आगे कहा, इससे रूसी सरकार को कोई खास वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि उसे अपनी ऊर्जा राजस्व का अधिकांश हिस्सा तेल निकालने की जगह पर लगाए गए करों से मिलता है।

बेसेंट ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति की ऊर्जा-समर्थक नीतियों ने अमेरिका के तेल और गैस उत्पादन को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया है, जिससे मेहनती अमेरिकियों के लिए ईंधन की कीमतें कम हुई हैं। बेसेंट ने आगे बताया, तेल की कीमतों में यह अस्थायी वृद्धि एक अल्पकालिक और क्षणिक बाधा है, जिसका हमारे राष्ट्र और अर्थव्यवस्था को लंबे समय में भारी लाभ मिलेगा।

## अफगानिस्तान में पाक की एयरस्ट्राइक, काबुल से कंधार तक बरसाए बम, चार लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। अफगानिस्तान में काबुल से कंधार तक बमबारी हुई और धमाकों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान के इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है। एक पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की कि पाकिस्तान ने रात में हमला किया था। उन्होंने बताया कि उनकी सेनाओं ने पाकिस्तानी तालिबान समूह को निशाना बनाया। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खलील जादरान ने बताया कि राजधानी में घरों पर हुई बमबारी में चार लोग मारे गए और 15 घायल हो गए।

## कलेक्टर ने रुकवाया अपना वाहन, क्षतिग्रस्त सड़क देखकर दिए तत्काल मरम्मत के निर्देश



**कोरबा ।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के निरंतर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत आज लेमरू से श्यांग की ओर जा रहे थे। विमलता से आगे मोड़ पर पहुँचते ही उनकी नजर मार्ग पर बने बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़क पर पड़ी। स्थिति को गंभीर देखते हुए कलेक्टर ने तुरंत अपने वाहन चालक को रुकने का निर्देश दिया और स्वयं नीचे उतरकर सड़क की स्थिति का मुआयना किया।

पहाड़ी और दूरस्थ ग्रामों को जोड़ने वाला यह मार्ग ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क पर बने गड्ढों से संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री जी. आर. जांगड़े को स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों की आवाजाही सुरक्षित एवं सुगम बनी रहे।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश और पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं, ऐसे में नियमित निगरानी और त्वरित सुधार कार्य अनिवार्य हैं। किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को देखते हुए इस मार्ग की मरम्मत में देरी न की जाए।

## पवन जनरल स्टोर्स में छापामार कार्रवाई, 15 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडरों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, बालकों रोड, चेक पोस्ट स्थित पवन जनरल स्टोर्स के प्रतिष्ठान एवं उससे संबंधित भंडारण स्थलों/गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल को प्रतिष्ठान द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं अनधिकृत भंडारण किए जाने के महत्वपूर्ण प्रमाण प्राप्त हुए। जांच में कुल 15 नग घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर अवैध रूप से संधारित अवस्था में पाए गए, जिन्हें नियमानुसार तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम कँवर द्वारा बताया गया है कि यहाँ एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडरों में रिफलिंग कर ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचा भी जाता था।

कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घरेलू उपयोग के लिए जारी किए गए एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी प्रकार से व्यावसायिक उपयोग कानूनन दंडनीय है। जिले में ऐसे प्रकरणों पर जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रतिष्ठानों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

संयुक्त जांच दल द्वारा प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी गैस वितरण एजेंसियों के साथ समन्वयन स्थापित कर ऐसे अनाधिकृत भंडारण एवं दुरुपयोग की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए।जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करें तथा यदि कहीं ऐसी गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित विभाग या जिला प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन द्वारा प्राप्त हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## लक्ष्य पूरा करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन ने झोकी ताकत

**कोरबा ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब महीने भर से भी कम का समय शेष है। ऐसे में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी सिलसिले में सीएमडी हरीश दुहन ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में शुमार गेवरा परियोजना का सघन दौरा किया।चूंकि गेवरा खदान फिलहाल अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रही है, इसलिए सीएमडी ने स्वयं माइन प्लान का बारीकी से अध्ययन किया और अधिकारियों को रणनीतिक निर्देश दिए।

ग्राउंड जीरो पर समीक्षा और माइन प्लान का जायजा

निरीक्षण के दौरान सीएमडी हरीश दुहन ने खदान के भीतर चल रहे कार्यों, भारी मशीनरी की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बचे हुए दिनों में उत्पादन की गति बढ़ाना अनिवार्य है ताकि वार्षिक लक्ष्य हासिल किया जा सके।अधिकारियों को दिए कड़े निर्देशसीएमडी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन की वास्तविक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया:उत्पादन में तेजी: वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में शिफ्ट-वार मॉनिटरिंग कर कोयला उत्खनन बढ़ाना।सुरक्षा सर्वोपरि: उत्पादन बढ़ाने के दबाव के बीच सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता न करने के निर्देश।मशीनरी मेंटेनेंस: मशीनों के ब्रेकडाउन को कम करने और उनकी अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करने पर चर्चा।

मौके पर मौजूद रहे वरिष्ठ अधिकारी

इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान सीएमडी के साथ एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम मौजूद रही, जिनमें मुख्य रूप से:रुण त्यागी, जीएम (गेवरा एरिया)

पार्थ मुखर्जी, महाप्रबंधक (गेवरा परियोजना)रमेश सिंदूर, जीएम ऑपरेशन (बिलासपुर)नागेंद्र कुमार साहू, एरिया जीएम ऑपरेशनराकेश कुमार, खान प्रबंधनइसके अलावा सिविल जीएम रवि चंद्रा और एक्सकैवेशन जीएम नागेंद्र झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# श्रमिकों, निर्धन एवं स्लम बस्तियों के रहवासियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

**विगत दो वर्षों में 6183 स्वास्थ्य शिविर, 2 लाख 77 हजार 300 मरीजों का निःशुल्क उपचार**





कोरबा,श्रमिकों, निर्धन एवं स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एक बड़ी राहत के रूप में उभर रही है। कोरबा शहरी क्षेत्र में बीते 02 वर्षो के भीतर मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा 6183 चलित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 2 लाख 77 हजार 300 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। इसी अवधि में 67 हजार 412 व्यक्तियों की निःशुल्क लैब जांच तथा 2 लाख 51 हजार 197 मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इस पहल से श्रमिक एवं गरीब परिवारों को इलाज में होने वाले भारी खर्च से राहत मिली है तथा करोड़ों रुपये की बचत संभव हो सकी है।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में राज्य सरकार द्वारा यह योजना सतत रूप से संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाओं को सीधे नागरिकों के घर-द्वार तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के माध्यम से स्लम बस्तियों में रह रहे लोगों को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य जांच, लैब परीक्षण और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

वर्तमान में कोरबा शहरी क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो निर्धारित रोस्टर के अनुसार 150 से अधिक स्लम बस्तियों का भ्रमण कर नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। यूनिट्स के माध्यम से विभिन्न बीमारियों की पहचान, उपचार और दवा वितरण का लाभ गरीब, निर्धन और श्रमिक परिवारों तक निरंतर पहुँच रहा है।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट्स में 41 प्रकार की लैब जांच सुविधा

योजना के तहत संचालित प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार की बीमारियों की लैब जांच सुविधा उपलब्ध है। यूनिट में स्थापित मिनी लैब में मरीजों के रक्त एवं अन्य आवश्यक नमूनों की तुरंत जाँच कर रिपोर्ट प्रदान कर दी जाती है, जिससे बीमारी की पहचान शीघ्र हो जाती है और चिकित्सक मौके पर ही आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध करा देते हैं। मोबाइल यूनिट्स में विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु लगभग 95 प्रकार की दवाइयाँ हमेशा उपलब्ध रहती हैं, जिससे मरीजों को तत्काल चिकित्सा लाभ प्राप्त होता है।मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना निश्चित रूप से कोरबा के गरीब, श्रमिक एवं स्लम क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक प्रभावी स्वास्थ्य सुरक्षा कवच सिद्ध हो रही है। राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के निरंतर और प्रभावी क्रियान्वयन से शहरी गरीबों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ आर्थिक बोझ में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

## महतारी वंदन योजना: मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण की पहचान



**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की लाखों माताओं-बहनों के जीवन में परिवर्तन का माध्यम बन रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। इससे न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, बल्कि महिलाओं के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और सम्मान की नई भावना भी विकसित कर रही है। योजना के तहत मिलने वाली यह राशि भले ही छोटी प्रतीत होती हो, लेकिन वास्तव में यह महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इससे महिलाएं अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को स्वयं पूरा कर पा रही हैं और परिवार पर आर्थिक निर्भरता भी कम हो रही है।इसी कड़ी में कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र बुधवारी में निवासरत श्रीमती हेमलता साहू की कहानी भी इस योजना की प्रेरक मिसाल बनकर सामने आई है। श्रीमती साहू बताती हैं कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है और कई बार आवश्यक जरूरतों के लिए अतिरिक्त पैसों की आवश्यकता पड़ जाती थी। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि ने उन्हें बड़ी राहत प्रदान की है। अब उन्हें अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं या बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।श्रीमती साहू ने बताया कि वे वर्तमान में अपनी पढ़ाई भी जारी रखे हुए हैं। पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन और इंटरनेट की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए वे योजना से प्राप्त राशि से अपने मोबाइल का रिचार्ज कर पढ़ाई जारी रख रही हैं। इससे उन्हें आत्मविश्वास मिला है और वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से मिलने वाली सहायता राशि ने उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत किया है। अब वे अपनी कई आवश्यकताओं को बिना किसी से मांग किए स्वयं पूरा कर पा रही हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना ने उनके जैसी अनेक महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**कोरबा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है।





## धुरपाल व राजेन्द्र बनें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**कोरबा ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद योत्सना महंत एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने दर्री - जमनीपाली क्षेत्र से पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर एवं वरष्ठि कांग्रेस राजेन्द्र सिंह ठाकुर को उपाध्यक्ष मनोनित किया है । धुरपाल सिंह कंवर एवं राजेन्द्र सिंह ठाकुर दोनों कांग्रेस नेता लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं । धुरपाल सिंह कंवर नगर पालिक निगम कोरबा में रेणु अग्रवाल महापौर के कार्यकाल में पूरे पांच वर्ष सभापति का दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं । वहीं राजेन्द्र सिंह ठाकुर दर्री - जमनीपाली मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं । श्री कंवर एवं श्री ठाकुर ने जिला स्तर पर संगठन को और मजबूत करने की बात कही है ।

## ग्राहकों को 25 दिन बाद ही मिलेगा घरेलू सिलेंडर



**कोरबा ।** घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग रोकने छापेमारी के बीच जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर भी प्रशासन अलर्ट मोड पर है। 25 दिन बाद उपभोक्ताओं को दोबारा घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी होगी। गैस एजेंसियों को रोज के स्टॉक की जानकारी खाद्य शाखा में देनी होगी।

घरेलू एलपीजी सिलेंडर के अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने बुधवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गैस वितरक एजेंसियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए रसोई गैस पर किसी तरह की अफवाह या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी ऑथेंटिकेशन से किया जाए। बिना इसके किसी भी स्थिति में सिलेंडर की डिलीवरी न हो। उपभोक्ताओं को 25 दिन के पहले दोबारा सिलेंडर जारी नहीं किया जाएगा।

उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी फर्स्ट कम-फर्स्ट सर्व के आधार पर और बुकिंग तिथि के अनुक्रम में दिया जाए। स्कूल, आश्रम, छात्रावास और अस्पतालों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाए। घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग या दुरुपयोग की शिकायत पर संबंधित संस्थान और गैस वितरक दोनों की जांच की जाएगी। उन्होंने खाद्य अधिकारी को

## पदोन्नति के बाद कोयला अधिकारियों को तबादले पर जाना होगा

**कोरबा ।** कोल इंडिया प्रबंधन ने अपने अधिकारियों के लिए बहुप्रतीक्षित नई तबादला नीति लागू कर दी है। 12 फरवरी 2026 को लिए गए निर्णय के आधार पर तैयार की गई इस नीति के तहत लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। नई व्यवस्था से उन 1,954 अधिकारियों पर प्रभाव पड़ेगा, जो 15 वर्षों से अधिक समय से एक ही सहायक कंपनी या स्थान पर कार्यरत हैं।कंपनी के अनुसार सबसे अधिक अधिकारी एसईसीएल में हैं, जहां 451 अधिकारी 15 वर्ष से अधिक समय से एक ही जगह पर पदस्थ हैं। इसके अलावा डब्ल्यूसीएल के 352, सीसीएल के 250, एमसीएल के 216, ईसीएल के 201, बीसीसीएल के 151, एनसीएल के 147, सीएमपीडीआइएल के 126, एनईसी के 7, डीसीसी के 1 और कोल इंडिया मुख्यालय के 12 अधिकारी शामिल हैं।कोल इंडिया प्रबंधन का मानना है कि नई तबादला नीति से अधिकारियों को नए कार्यक्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे अनुभव में वृद्धि होगी और कंपनी की समग्र कार्यक्षमता में सुधार आएगा। साथ ही नियमित अंतराल पर तबादले होने से स्थानीय स्तर पर बनने वाले संभावित गठजोड़ (नेक्सस) को तोड़ने में भी मदद मिलेगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विजिलेंस से जुड़े मामलों में कमी आने की उम्मीद है।

नई नीति में कुछ श्रेणियों के अधिकारियों को उनकी वरिष्ठता और सेवा अवधि के आधार पर 'चॉइस पोस्टिंग' का विकल्प देने का भी प्रावधान किया गया है। इसके तहत अधिकारी स्थानांतरण के समय अपनी पसंद के स्थान का विकल्प दे सकेंगे।इसके अलावा नॉन-एग्जीक्यूटिव से एग्जीक्यूटिव कैडर में पदोन्नति होने पर सहायक कंपनी का परिवर्तन अनिवार्य किया गया है। हालांकि सर्वे विभाग को इससे छूट दी गई है। एक बार किसी अधिकारी का दूसरी सहायक कंपनी में तबादला होने के बाद उसे कम से कम तीन वर्ष तक वहीं सेवा देनी होगी और इस अवधि से पहले पुरानी कंपनी में वापसी संभव नहीं होगी।

# उपभोक्ताओ की जागरूकता से ही उपभोक्ता संरक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी






**कोरबा ।** कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग ने सिपेट में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन जहां छात्र - छात्राओ को उपभोक्ता जागरूकता कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणो को उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उन्हे उनके अधिकारो से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में दस मार्च को कटघोरा विकासखंड अंतर्गत केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौघोगिकी संस्थान (सिपेट) में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने छात्र-छात्राओ को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी।सिपेट के सभागृह में छात्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ मे अतिथियो के औपचारिक परिचय उपरांत सिपेट के प्रबंधक राजीव कुमार लिल्हारे, ने उपस्थित अतिथियो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात छात्र -छात्राओ ने नाटक के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं, छात्र - छात्राओ को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना है। उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।शिविर का उद्देश्य त्रुटिपूर्ण वस्तुओं, सेवाओं में कमी ,अनुचित व्यापार प्रचलनों जैसे विभिन्न प्रकार के शोषण के विरुद्ध उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध कराना है। जो लोग धोखाधड़ी, कालाबाजारी आदि के शिकार होते हैं वे इसके माध्यम से जागरूक होते हैं। उपभोक्ताओ की जागरूकता से ही उपभोक्ता संरक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई जागृति एवं ई हियरिंग से अब उपभोक्ता घर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं,

जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।

शिविर में छात्रो को दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए यह भी बताया गया कि किसी भी वस्तु को क्रय करते समय उसकी अवसान तिथि/एक्सपायरी डेट, एमआरपी, गुणवत्ता चिन्ह (आईएसआई, एगमार्क आदि) का अवलोकन अवश्य करें। क्रय की गई प्रत्येक वस्तु का पक्का बिल लेना अनिवार्य बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता अपने अधिकारों का संरक्षण कर सके। जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रूपये फीस, 10 लाख से अधिक 20 लाख से कम की फीस 400 रूपये, 20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम की फीस 1000 रूपये होगी। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना होगा एवं स्वयं जागरूक होना होगा, तभी जागो ग्राहक जागो की सार्थकता सिद्ध होगी। इस दौरान उपस्थित शिक्षिकाओ एवं अन्य छात्र - छात्राओ के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्वेता जांगड़े ने किया। उपभोक्ता जागरूकता शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण रामायण पटेल, मनीराम श्रीवास, राजेश्वर इंग्ले, श्री राजीव कुमार लिल्हारे, प्रबंधक (तकनीकी) वरूण कुमार गुप्ता, श्री सतीश कुमार गुप्ता श्री अनिल साहू, श्रीमती बुध्देश्वरी पटेल एवं अन्य सिपेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, छात्र-छात्राऐं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।नाटक के जरिए छात्र-छात्राओ ने उपभोक्ता जागरूकता का दिया संदेश

सिपेट के छात्र-छात्रओ ने नाटक और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से उपभोक्त जागरूकता का संदेश देते हुए अत्यंत सराहनी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से सोशल मिडिया एवं बैंक उपभोक्ताओ को झांसे में लेकर हो रही ठगी से जागरूक किया गया। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, जैसे- रसीद मांगना, एमआरपी की जांच करना, मिलावटी सामान के खिलाफ आवाज़ उठाना और शोषण से बचने के लिए जागरूक किया गया है। इन नाटकों के द्वारा 'जागो ग्राहक जागो' का संदेश दिया गया हैं। हम कोई सामान दुकानदार से खरीदें तो दुकानदार से खरीदी गई वस्तु की रसीद अवश्य लें, अन्यथा दुकानदार आपके साथ धोखा भी कर सकता है। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने उपभोक्ता को जागरूक करने का संदेश दिया।

# खाद घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की जाए: विधायक ब्यास

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के आठवें दिन कृषि, पशुपालन, मछली पालन एवं आदिम जाति विकास विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा खेती-किसानी पर ही बसती है और हम अधिकांश किसान यहां पर चाहे सत्ता पक्ष के हो, चाहे विपक्ष के हों, सबका मूल व्यवसाय खेती-किसानी ही है। मैं स्वयं पहले एक किसान हूं, बाद में विधायक हूं। खेती मेरी पहचान है और मिट्टी मेरी आत्मा, इसलिए किसान की सिसकियों को मैं अपनी मेज पर महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि खाद-बीज की कमी एवं कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। सरकारी सोसायटियों में यूरिया का स्टॉक खत्म बता दिया जाता है जबकि वही यूरिया खुले बाजार में 1500 रूपए प्रति बोरा तक बिका है। राज्य के खाद वितरण की नोडल एजेंसी मार्कफेट के द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय कारखानों को दरकिनार कर राजस्थान की एक प्रायवेट कंपनी के खाद को सोसायटियों में भर-भरकर बिकवाया। उसके द्वारा मोटा कमीशन लेकर राजस्थान की कंपनी को लाभ पहुंचाया गया है। मार्कफेड का सिंगल सुपर फास्फेट खाद में कमीशन किसी से छिपा नही है। सहकारी समिति के लिए इसकी किमत 500 रूपये तय की गई है जबकि खुले बाजार में यह 450 रूपए में मिल जाता है क्या पिछले साल डी.ए.पी. के बदले तीन बोरी एस.एस.पी. इसी कमीशन के लिए बिकवाया गया। उन्होंने राजस्थान की प्राइवेट कंपनी को लाभ पहुंचाने वाले अधिकारी एवं मार्कफेट खाद घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

मैं जांजगीर-चांपा जिले से आता हूं, वहां के साथ-साथ पूरे राज्य में धान का उत्पादन घट गया है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि सरकार इस बार 149 लाख मीट्रिक टन के बदले 141 लाख मीट्रिक टन ही धान खरीद



पाई है। प्रमाणित आंकड़ों में वर्ष 2024-25 में 149 लाख मीट्रिक टन रह गया है। जांजगीर-चांपा में भी उत्पादन साढ़े छः लाख से गिरकर 6 लाख 10 हजार मीट्रिक टन पर आ गया है। यह गिरावट प्रमाणित करती है कि खाद नही मिलने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि मैं जांजगीर-चांपा जिले से आता हूं। पिछली सरकार के समय 184 करोड़ रूपये का ऋण वितरण हुआ था जो इस सरकार में घटकर 164 करोड़ रूपए रह गया है। जिला सहकारी बैंक बिलासपुर में यू.पी.आई. नही होने से उपभोक्ताओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि छ.ग. की वर्तमान सरकार के द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना का नाम बदलकर कृषक उन्नति योजना तो कर दिया गया, लेकिन बोनस का पैसा देने में बैंक असमर्थ हैं। उन्होंने फसलों के लिए यूरिया, पोटाश, डी.ए.पी. के साथ-साथ जिंक मैंगनीज एवं माइक्रो न्यूट्रिशन वाले खाद प्रदान करने पर भी जोर दिया। वरना पौष्टिक आहार नही मिलने से आने वाली पीढ़ी मेडिकल स्टोर पर मल्टीविटामिन की गोलियां ढूंढते रह जायेंगे। उन्होंने दलहनी-तिलहनी खेती के लिए भी जोर देने तथा उसके लिए एम.एस.पी. के अनुसार भुगतान करने पर जोर दिया।

मछली पालन विभाग पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला में सर्वाधिक बारहमासी पानी से भरे रहने वाले तालाब हैं। यहां मत्स्य उत्पादन एवं मछली पालन को बढ़ावा मिलना चाहिए। मछुवारों को मछली पालन एवं मत्स्य का ठेका देने के संबंध में शासन स्पष्ट नीति बनाए। उन्होंने जांजगीर-चांपा जिला में विगत दिनों मछुआरा समुदाय द्वारा किये गये आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि जांजगीर में 32 मछुआरों के खिलाफ एफ.आई.आर. हो गया। उनका हक न छिना जाए। मछली पालन में मछुआरा समुदाय को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जांजगीर-चांपा जिला में मत्स्य पालन हेतु प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने की मांग की।

पशुपालन विभाग पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि देसी नस्ल की गाय है कोसली गाय। उसके संवर्धन पर हमें ध्यान देने की विशेष आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए शासन की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। बजट में बड़े-बड़े प्रावधान किए जाते हैं किन्तु धरातल पर उसका लाभ किसानों को नही मिलता है। पशुधन के संवर्धन के लिए चरागाह के विकास पर भी उन्होंने जोर दिया। इसके लिए उन्होंने गौठानों को चरागाह के रूप विकसित करने का सुझाव दिया।

कृषि विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के संबंध में भी उन्होंने मांग रखी। उन्होंने कहा कि एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने वाले युवा बेरोजगार सरकार की ओर आस भरी निगाहों से देख रहें हैं यदि समय रहते उन्हें सरकारी नौकरी नही मिली तो उन शिक्षित बेरोजगारों के सब्र का बांध टूटेगा और सरकार को उनके आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आदिम जाति विकास विभाग के बजट अनुदान मांगों पर भी अपने सुझाव रखे।



## बारहवीं की परीक्षा में 83 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष के लिए 12 मार्च को कक्षा 12वीं विषय इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित एवं ड्राईंग एंड पेंटिंग की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 4460 दर्ज परीक्षार्थियों में से 4377 उपस्थित और 83 अनुपस्थित रहे। जिसमें विकासखंड अकलतरा में 725 परीक्षार्थियों में से 715 उपस्थित, 10 अनुपस्थित, बलौदा विकासखंड में 653 परीक्षार्थियों में से 641 उपस्थित, 12 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखंड में 675 परीक्षार्थियों में से 665 उपस्थित, 10 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखंड में 1275 परीक्षार्थियों में से 1255 उपस्थित, 20 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखंड में 1132 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1101 उपस्थित, 31 अनुपस्थित थे।

# कमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले व्यापारी पर कार्यवाही

**जांजगीर-चांपा।** घरेलु गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने को लेकर खाद्य विभाग का अमला एक्शन मोड़ में आ गया है। दो दिनों के के भीतर दर्जनों संस्थानों में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में घरेल गैस सिलेंडर, चूलहा, गैस पाईप एवं रेगुलेटा जब्त किया गया है। जिसके चलते इस तरह के अवैध कारोबार में लगे व्यापारियों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि जिले के होटल, ढाबा, भोजनालय, रेस्टोरेंट, ठेला सहित अन्य संस्थानों का संचालन करने वाले कई व्यापारी नियमों को ताक में रखकर कार्मिशियल की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग धडल्ले से कर रहे है। मीडिल ईस्ट में ईस्ट में चल रहे संघर्ष से गैस की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसे देखते हुए सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग की संयुक्त टोम द्वारा जांच और कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों के भीतर ही दर्जनों संस्थानों में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में घरेलु गैस सिलेंडर एवं पाईप जब्त किया गया है। गुरुवार 12 मार्च को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने तथा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिले के लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। जिला

खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत पहरिया के विजय स्वीट्स में छापामार कार्यवाही की गई। मौके । मौके पर विजय स्वीट्स के संचालक शंकर लाल कुम्भकार के द्वारा घरेलु लाल



सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक रूप से नाश्ता तैयार कर व बिक्री करते पाया गया। मौके पर जांच दल के द्वारा 4 नग लाल घरेलू सिलेंडर, 2 नग चुलहा, 1 नग दोसा प्लेट चुल्हा, 3 नग रेग्यूलेटर एवं 3 नग गैस पाइप की जब्तों की कार्यवाही की गई। उक्त प्रतिष्ठान में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसके पूर्व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार 11 मार्च को चांपा शहर के विभिन्न संस्थानों में दबिश दी गई। इस दौरान चांपा के पहरिया के विजय स्वीट्स में कार्रवाई करने के लिए पहुंचे संयुक्त टीम।

करणी भोजनालय, पंजाब हवेली, जलाराम भोजनालय, सुमित होटल, श्री गणेश होटल, सोना होटल का खाद्य विभाग टीम द्वारा दबिश दी गई। गणेश होटल में संस्थान के संचालक राजेश तिवारी के द्वारा व्यवसायिक की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग अपने संस्थान में कर रहे थे, जिस पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिसके तहत प्रेशर रेगुलेटर, गैस पाईप लाइन एवं चूल्हा जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार चांपा के ही सोना होटल में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्मिशियल की जगह घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा एवं गैस पाईप लाइन जब्त किया गया है। इस तरहहो रही लगातार कार्रवाई से खाद्य विभाग से जुड़े व्यवसायिक संस्थानों में हडकंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि कई व्यापारी नियमों को ताक में रखकर इस तरह घरेलू गैस का उपयोग कार्मिशियल के रूप में कर रहे है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

## महिला पार्षद ने किया आत्महत्या का प्रयास

**रायगढ़।** रायगढ़ के नगर निगम वार्ड क्रमांक दो की महिला पार्षद नेहा देवांगन ने फिनायल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। नेहा देवांगन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दाखिल कराया गया था, हालांकि उपचार के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पारिवारिक विवाद के चलते पार्षद नेहा देवांगन ने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## अफीम की खेती: मामले में कांग्रेसियों ने घेरा भाजपा कार्यालय

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में 10 एकड़ जमीन में एवं बलरामपुर जिले के दो गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कृषि भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरोध मे 12 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा ने उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का काला कारोबार प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि दुर्ग जिले में 10 एकड़ जैसी बड़ी जोत पर अफीम की खेती होना यह साबित करता है कि प्रदेश में नशे के सौदागरों को भाजपा सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त है। जिस पार्टी के कार्यकर्ता खेतों में जहर बो रहे हों। उन्हें नैतिकता की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेसियों ने मांग की कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। अफीम की खेती में लिप्त भाजपा कार्यकर्ता और उसके पीछे के बड़े रसूखदारों की तत्काल गिरफ्तारी हो। उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। इस पूरे सिंडिकेट की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए ताकि यह पता चल सके कि यह काला कारोबार कहां तक फैला है। भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान प्रभारी प्रशांत मिश्रा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश पैगवार, रफीक सिद्दकी, भगवान दास गड़ेवाल, महामंत्री नागेन्द्र गुप्ता, अमरजीत सलूजा, सुशांत सिंह, मनोज तिवारी, सेवक राम देवांगन, गौतम राठौर, अजीत सिंह राणा, प्रिंस शर्मा, जिला सेवादल अध्यक्ष देव कुमार पांडे, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, पूर्व नपा अध्यक्ष जय थवाईत, ब्लॉक अध्यक्षगण सुनील साधवानी, रामबिलास राठौर, गौरव सिंह, रवींद्र शर्मा, विजय प्रकाश तिवारी, नवल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी होने पर भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा ने जताया आभार

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी किए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश प्रवक्ता इंजी. पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों किसानों को सीधे आर्थिक सहायता मिल रही है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे किसानों को खेती के खर्चों में बड़ी राहत मिलती है।

उन्होंने कहा कि 13 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा देश के करोड़ों किसानों के खातों में 22वीं किस्त की राशि भेजी जा रही है, जिससे किसानों को दो-दो हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इससे खेती-किसानी से जुड़े छोटे और सीमांत किसानों को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। प्रदेश किसान मोर्चा के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए संबल बनकर उभरी है। उन्होंने प्रदेश के सभी किसानों की ओर से प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2026 दिनांक 09.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 22 फलोद्यान में दुकानों का निर्माण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 40.27 | 30.03.2026 (T.No.186831) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

पंजीयन क्रमांक
202602050400029
अ-21वर्ष 2025-26
ग्राम- गोढ़ी, प.ह.नं.-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राधा बाई उम्र 64 साल पति स्व. बोधराम सारथी जाति अनुसूचित जाति निवासी ग्राम गोढ़ी तह. व जिला कोरबा के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की काश्तकारी पट्टाकृत कृषि भूमि ग्राम गोढ़ी प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. कोरबा ग्रामीण तह. व जिला कोरबा स्थित खसरा नं. 487/1/ट रकबा 0.809 हे. पर काश्तकारी करते चली आ रही है। उक्त भूमि आवेदिका के पति बोधराम के नाम पर शासन से वर्ष 1975-76 में शासकीय पट्टे आबंटित किया गया था। आवेदिका अत्यधिक बुजुर्ग एवं बीमार हो जाने व आय का कोई साधन नहीं होने से साथ ही स्वास्थ्यगत कारणों से भी आवेदिका अत्यधिक असहाय तथा निःसंतान है तथा आय का कोई स्त्रोत नहीं होने के कारण चिकित्सा सुविधा हेतु रकम की आवश्यकता पड़ने के कारण उक्त वर्णित भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्री अभिषेक मसीह उम्र 34 साल पिता एनम मसीह निवासी प्लाट नं. 1302/20 शांति नगर कंकालीन मंदिर के पास दादरखुर्द जिला कोरबा के पास विक्रय करने की अनुमति छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (ग) के तहत न्यायालय कलेक्टर कोरबा में पेश किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त । प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 30.03.2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(सील) अतिरिक्त तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
NO. 021-1710/ PUBLICATION/ 1144 Korba West, dtd. 11.03.2026
TENDER NOTICE No. 342/2026, (e-Bidding)
Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100050047 | Procurement of Various Size of V-Belt for HTPS, Korba West. | 590/- | 11,913/- | 06.04.2026 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website -https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.2.Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.
[illegible]

47175/3

## राजकुमार साहू बने प्रदेश साहू संघ के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू द्वारा समाज के संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह दायित्व मिलने पर राजकुमार साहू ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोगों को व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा समाज के व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे ताकि समाज मे एकता बनी रहे भाई चारा बनी रहे उन्होंने कहा कि समाज की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए व्यापार को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसके लिए व्यापार से जुड़े लोगों के बीच आपसी सहयोग और समन्वय स्थापित कर उन्हें नई मार्ग नईं योजनाओं एवं अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार जांजगीर, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

// ज्ञापन//

रा.प्र.क 2026020639002O/अ-27/25-26
ग्राम-धाराशिव

क्रमांक q वा./ अति.तह./25
जांजगीर,दिनांक 03/03/26

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क.-20260206390O/अ -27/25-26 में आवेदक रूपकुंवर आ.लैनदास निवासी धाराशिव द्वारा ग्राम-धाराशिव स्थित भूमि ख.न. क्रमशः 1451/2, 1451/3, 3074/2, 3093, 3188/4, 3225/1, 3233, 3290/6 कुल 08 कुल रकबा 4.56 एकड़ पर खाता विभाजन कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें हितबद्ध पक्षकार नरेंद्र पिता नीलकंठ, शांति बाई पिता विजयराम, भूरीबाई पिता विजयराम, रोहित पिता विजयराम, विरेंद्र पिता नीलकंठ, रविंद्र पिता नीलकंठ, राजेंद्र पिता नीलकंठ, सविता पिता नीलकंठ, सुनीता पिता नीलकंठ, ममता पिता नीलकंठ, अनीता पति होरीलाल को प्रकरण में नियत तिथि 17/03/26को अपना पक्ष रखने उपस्थिति हेतु लंबित है।

अतः पत्रवाहक से सूचना प्राप्ति पश्चात उपरोक्त सभी हितबद्ध पक्षकार नियत तारीख को अपना पक्ष रख सकते हैं।

(सील) नायब तहसीलदार
जांजगीर

## रेत उत्खनन व परिवहन रोकने में 4 पंचायत विफल, एसडीएम ने जारी किया नोटिस

पामगढ़। विकासखंड में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए एसडीएम द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चार ग्राम पंचायत के सरपंचों को धारा 40 का नोटिस जारी किया गया है।राजस्व विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि अनुभाग के अंदर कई घाटों पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली ने स्वयं जांच अभियान चलाकर उक्त घाटों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से - बात की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सरपंच द्वारा ही अवैध रूप से रेत उत्खनन का कार्य कराया जा रहा है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम 1996 के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्थित शासकीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है किंतु उनके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढ़ता पूर्वक नहीं किया गया, जो कदाचार की श्रेणी में आता है, जिसके कारण उनके कृत्य को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत उनको पद से पृथक करते हुए 6 वर्ष की कालावधि के लिए निर्हरित करने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम पंचायत खोरसी, ग्राम पंचायत खरगहनी, ग्राम पंचायत तनौद एवं ग्राम पंचायत कमरीद के सरपंच को नोटिस जारी कर 13 मार्च तक स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

## शराब के नशे में स्कूल पहुंचे दो शिक्षक निलंबित, डीईओ ने की कड़ी कार्रवाई

**बिलासपुर।** स्कूल में शराब के नशे में पहुंचने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने मस्तूरी विकासखंड के दो सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में स्थानीय शिकायत, जांच और स्पष्टीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कार्रवाई की गई। गत 6 मार्च को ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि स्कूल निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थ सहायक शिक्षक संदीप रात्रे शराब के नशे में पाए गए। स्कूल के प्रधान पाठक ने भी बताया कि संदीप रात्रे अक्सर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहते हैं, जिससे स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होती है।

# संभागीय वरिष्ठता सूची जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व बिलासपुर संभाग प्रभारी बसंत चतुर्वेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूर्व में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आर.पी. आदित्य से भेंट कर शिक्षकों की लंबित पदोन्नति के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था।इस दौरान संयुक्त संचालक आर.पी. आदित्य ने टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया था कि शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,जिला सचिव डॉ .बोधी राम साहू,जिला संयोजक विजय प्रधान,जिला पर्यवेक्षक आशीष सिंह ने बताया कि उसी कड़ी में कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा प्रशिक्षित स्नातक/स्नातकोत्तर सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ई एवं टी संवर्ग की 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में संभागीय वरिष्ठता सूची के प्रकाशन एवं पदोन्नति प्रक्रिया के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च 2026 को वरिष्ठता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 17 मार्च 2026 तक दावा-आपत्ति, 20 मार्च 2026 को अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, 24 मार्च रिक्त पद एवं पदोन्नति प्रस्ताव की जानकारी प्राप्त करना, तथा 27 मार्च 2026 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक प्रस्तावित है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लंबे समय से लंबित शिक्षकों की पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। एसोसिएशन ने आशा व्यक्त की है कि निर्धारित समय-सीमा में प्रक्रिया पूर्ण कर शिक्षकों को शीघ्र पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**जांजगीर-चांपा ।** रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या करने वाले आरोपी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत जगदीश दुकान के पास का है। अभियोजन के अनुसार 5 नवंबर 2024 को आरोपी आनंद कश्यप अपने हाथ में एक स्टील का रॉड लेकर खून लगा हुआ था। थाना नवागढ़ आकर बताया कि लक्की उर्फ मोहनीश केशरवानी के साथ पूर्व में उसका कई बार विवाद हो चुका है। आज शराब पीकर गाली-गलौच एवं मारपीट कर रहा था कि वह गुस्से में आकर हाथ में रखे रॉड से उसके सिर एवं चेहरे पर ताबडतोड़ हमला कर दिया। आरोपी के खुलासे पर उसे थाने में बैठाया गया और स्टील रॉड को सुरक्षार्थ थाने में रखा गया। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर लक्की उर्फ मोहनीश केशरवानी को राछा अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपी आनंद कश्यप के खिलाफ धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में कुल 13 गवाहों का कथन कराया गया। संपूर्ण अभियोजन साक्षियों व न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आरोपी आनंद कश्यप पिता स्व. बहोरन कश्यप (36) निवासी ग्राम नवागढ़ थाना नवागढ़ को सिद्धदोष अपराध धारा 103 (1) के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं पटाने पर 6 माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक जांजगीर संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की।

## कन्या महाविद्यालय में शिक्षक विकास कार्यक्रम का समापन

**जांजगीर।** शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय, जांजगीर में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के प्रारंभिक अनुदान के अंतर्गत 6 से 8 मार्च तक लैंगिक समावेशन एवं समानता पहल विषय पर तीन दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 6 मार्च को मुख्य अतिथि सीईओ गोकुल कुमार रावटे तथा महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. जीआर पाटले के करकमलों से सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में ट्रांसजेंडर समुदाय से जुड़े विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दूसरे दिवस में प्रथम वक्ता मनोज कुमार कुशवाहा, वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रतिभागियों को लैंगिक समानता से संबंधित संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों, महिलाओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात द्वितीय वक्ता डॉ. रितेश मिश्रा, पूर्व सह-प्राध्यापक, मेट्स विश्वविद्यालय, रायपुर ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से लैंगिक समानता और समता की अवधारणा को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के तीसरे दिवस के प्रथम वक्ता लक्ष्मी प्रसीद जायसवाल, अधिकार मित्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निःशुल्क विधिक सेवा, महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं तथा उनके वैधानिक संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रवीण मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने न्याय व्यवस्था, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, लोक अदालत तथा घरेलू हिंसा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। अंत में उनके द्वारा सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के संयोजक रूसा प्रभारी डॉ. सीएस राठौर रहे तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. हरप्रीत कौर द्वारा किया गया।

## अनमोल वचन......

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद को बदल लो।

## नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल

*नेताओं के अवसरवाद तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेंका था। लेकिन उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं।*

*पिछले साल सितंबर में हुए जेन-ज़ी विद्रोह से नेपाल में आया बदलाव कितना टिकाऊ साबित हुआ, यह गुरुवार को होने वाले मतदान के परिणाम से जाहिर होगा। नेपाल के एक करोड़ 90 लाख मतदाता 275 सदस्यों की प्रतिनिधि सभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। नेपाल की चुनाव प्रणाली के मुताबिक 165 सदस्य प्रत्यक्ष रूप से फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम के तहत चुने जाते हैं। बाकी 110 सीटें विभिन्न पार्टियों को उन्हें मिले मत प्रतिशत के अनुपात में आवंटित की जाती हैं। जेन-जी विद्रोह का प्रमुख कारण राजनीतिक दलों की सत्ता लिप्सा, वर्षों से जारी उनका अवसरवाद, और राजनेताओं के परिजनों की आलीशान जिंदगी थी।*

*बेरोजगारी तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को हिंसक ढंग से उखाड़ फेंका। लेकिन विडंबना यह है कि उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं। लोगों के सामने नए विकल्प के तौर पर उज्यालो नेपाल पार्टी अकेला नया दल है, लेकिन उसकी संभावनाएं ज्यादा उज्ज्वल नहीं मानी जा रही हैं। नयेपन का अहसास कराने वाला एक अन्य दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) है, जिसका उदय पिछले संसदीय चुनाव के समय हुआ था। रैपर और काठमांडू के बहुचर्चित मेयर बालेन शाह इसी दल में शामिल होकर प्रधानमंत्री के दावेदार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं, जिन्हें जेन-जी का प्रिय उम्मीदवार बताया गया है।*

*बाकी विकल्प वही पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), नेपाली कांग्रेस, और कई कम्युनिस्ट गुटों के विलय से पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के नेतृत्व में बनी नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी हैं। पारंपरिक समर्थन आधार और चुनाव मशीनरी के लिहाज से ये तीनों पार्टियां अभी भी मजबूती के साथ मैदान में हैं। वैसे युवाओं के समर्थन से आरएसपी जीत की ओर बढ़ सकती है। मगर यह पार्टी किसी बुनियादी परिवर्तन का माध्यम बनेगी, अपने कार्यक्रम एवं चुनाव घोषणापत्र से ऐसी कोई उम्मीद वह नहीं जगा पाई है। यानी नेपाल में किसी गुणात्मक परिवर्तन के संकेत कम ही हैं। मात्रात्मक बदलाव भी आएगा, इसकी उम्मीद बहुत बलवान नहीं है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**वृष राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**मिथुन :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई पर पूरा फोकस रखने की जरूरत है।

**कुंभ राशि :** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आज घर में धार्मिक कार्य आयोजित हो सकता, जिससे खुशी का माहौल बना रहेगा।

# निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग

//प्रतापराव जाधव द्वारा//

**बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्त रोत्तवर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्तै जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्था न (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तिक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्था न की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्सा दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं।**

इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है।

संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैडिजिटल प्लेरटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। एम-योग मोबाइल एप्लिकेशन और वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्वि बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्वै स्वारस्य् च संगठन के सहयोग से विकसित किए गए एम-योग प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम वाई-ब्रेक – जो काम के दौरान 5-10 मिनट का सरल योग ब्रेक है – से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है। इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। वाई-ब्रेक अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं। शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं–ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। वाई-ब्रेक अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने, कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य-जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है। एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्वो पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्प ष्टि स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं।

ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्ततरोत्तेर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें। योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

# यूरोप का हुआ बुरा हाल, रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश अब मास्को से मांग रहे गैस और तेल

//नीरज कुमार दुबे //

**हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। जो यूरोप कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा था और उससे गैस तथा तेल खरीदने वाले देशों पर पेनल्टी लगाने की मांग करते हुए यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा था, वही यूरोप अब मध्य पूर्व में संकट गहराते ही फिर से रूस की ओर देखने लगा है। दरअसल अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है।**

हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है।

ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है। ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ़ने लगी है। यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा चलता है और खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित होता है तो रूस को अरबों डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊंची कीमतों और आपूर्ति संकट के चलते रूस को आय में कई अरब डॉलर का अतिरिक्त लाभ हो सकता है।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी संकेत दिया है कि यदि यूरोपीय देश राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस आपूर्ति करने को तैयार है। पुतिन का कहना है कि रूस ने कभी यूरोप के साथ ऊर्जा सहयोग से इंकार नहीं किया, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप ने स्वयं रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने का निर्णय लिया था। हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का चालीस प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस से खरीदता था। लेकिन प्रतिबंधों और वैकल्पिक स्रोतों की खोज के कारण यह हिस्सा घटकर वर्ष 2025 तक लगभग तेरह प्रतिशत रह गया। यूरोपीय संघ ने समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था और कई पाइपलाइन मार्ग भी बंद हो गए थे।

हालांकि मौजूदा संकट में स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। यूरोप ने अभी तक रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू नहीं किया है और प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे 2027 तक धीरे धीरे समाप्त किया जाना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में फिर से रूसी गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं। फिर भी रूस की क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है। वर्षों से लगे प्रतिबंधों और यूक्रेन से हुए हमलों के कारण उसकी ऊर्जा अवसंरचना के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा जहाजरानी और बीमा से जुड़ी बाधाएं भी रूसी निर्यात को सीमित करती हैं। वैसे रूस का अधिकांश तेल फिलहाल भारत और चीन जैसे सीमित खरीदारों को ही जा रहा है। इसके बावजूद मौजूदा वैश्विक परिस्थिति का सामरिक महत्व बहुत बड़ा है। मध्य पूर्व में युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। रूस के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं और संकट के समय यह उसे आर्थिक और कूटनीतिक दोनों तरह का प्रभाव प्रदान करते हैं। दूसरी ओर यूरोप के सामने भी एक कठिन विकल्प खड़ा हो गया है। यदि मध्य पूर्व से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है तो उसे अपने पुराने ऊर्जा स्रोत यानी रूस की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। इस प्रकार मध्य पूर्व का युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा संतुलन और भू राजनीतिक शक्ति समीकरण को भी नए सिरे से आकार दे रहा है।

## नेपाल में महिला दिवस पर चुनावी गिफ्ट

नेपाल में बिना होहल्ले और शोरशराबे के चुनाव सम्पन्न हो गये। ईरान-इस्रायल जंग के दरम्यां हुये इस चुनाव की ओर लोगों का ज्यादा ध्यान नहीं गया, किंतु महिला दिवस पर आये नतीजों ने छोटे मुल्क में बड़ी इबारतें लिख दीं। मतदाताओं ने वाम और दक्षिण को धता बतायी, राजशाही के समर्थकों को ठेंगा दिखाया और फकत चार साल पहले वजूद में आई पार्टी - राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को प्रचंड जनादेश प्रदान किया। जनादेश के फलस्वरूप 35 वर्षीय बालेन शाह नेपाल के युवतम प्रधानमंत्री होंगे। इस पद तक पहुँचे वह पहले मधेशी और पहले बौद्ध मतावलंबी भी हैं।

इस दूरगामी महत्त्व के चुनाव की एक और खासियत रही कि आरएसपी की 16 प्रत्याशिनों में से 13 विजयी रहीं। बिला शक इसे महिला दिवस पर नेपाली मतदाताओं की खूबसूरत और काबिले तारीफ गिफ्ट माना जा सकता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने महिला उम्मीदवारों की सफलता मंत एक मील का पत्थर हासिल किया है, जिसमें उसकी 16 में से 13 महिला उम्मीदवार विजयी हुई हैं। ज़्यादातर विजेताओं ने भारी अंतर से अपनी सीटें हासिल कीं, जो पार्टी की महिला नेताओं के लिए समर्थन की एक मज़बूत लहर को दिखाता है। हालांकि, पार्टी को तीन हार का सामना करना पड़ा। बिनीता कठायत जुमला में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के ज्ञानेंद्र शाही से हार गईं; सरीन तमांग को सुनसरी-1 में श्रम संस्कृति पार्टी के हरका राज राय ने हराया; और ताशी ल्हांजोम हुमला में चौथे स्थान पर रहे। रंजू दर्शना ने काठमांडू-1 में पार्टी का खाता खोला, ललितपुर-3 में, तोसिमा कार्की ने लगातार दूसरा कार्यकाल हासिल किया। सबिता गौतम, जिन्होंने 2022 के चुनाव में काठमांडू-2 का प्रतिनिधित्व किया था, ने सफलतापूर्वक अपना निर्वाचन क्षेत्र चितवन-3 में स्थानांतरित कर दिया। उन्हें 59,277 वोट मिले, जिससे उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी की उम्मीदवार रेणु दाहाल, जो भरतपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी की पूर्व मेयर थीं, को भारी हार का सामना करना पड़ा। रेणु दाहाल पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड की बेटी हैं. मोरंग-6 में, काठमांडू यूनिवर्सिटी से एमबीए ग्रेजुएट रुबीना आचार्य ने 55,513 वोटों के साथ ज़बरदस्त जीत हासिल की। और दक्षिण में मोरंग-5 में, पब्लिक हेल्थ ग्रेजुएट और पहले हेल्थ वॉलंटियर रहीं आशा झा ने 20,000 से ज़्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। झापा में, RSP ने दो जीत दर्ज कीं। निशा डांगी (झापा-1) ने 45,680 वोट हासिल किए. पूर्व डिप्टी स्पीकर इंदिरा राणा मगर (झापा-2) को 60,110 वोट मिले। सरलाही-1 में, नितिमा भंडारी कार्की ने 44,181 वोटों के साथ जीत हासिल की, एक सफल एग्रीकल्चरल एंटरप्रेन्योर कोमल ग्यावली कैलाली-1 से 17,862 वोटों के साथ चुनी गईं। सोशल वर्कर बीना गुरुंग ने 37,750 वोट हासिल किए और कास्की-3 में कांग्रेस उम्मीदवार मनोज गुरुंग को 24,970 वोटों के अंतर से हराया। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट आशिका तमांग 39,128 वोटों के साथ संसद में पहुंचीं, उन्होंने धादिंग-1 में यूएमएल के पुराने नेताओं भूमि प्रसाद त्रिपाठी और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के राजेंद्र प्रसाद पांडे को हराया। सप्तरी-1 से छत्तीस साल की पुष्पा कुमारी चौधरी ने 38,195 वोटों के साथ बड़ी जीत हासिल की। महोतरी-4 में, गौरी कुमारी ने 30,132 वोट हासिल किए।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में एग्री-फूड सिस्टम में महिलाओं की भूमिका पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सेशन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य लोगों के साथ।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में एग्री फूड सिस्टम में महिलाओं की भूमिका पर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में शामिल हुई। साथ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनसीसी का दो दिवसीय एडीजी/डीडीजी सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू हुआ।



कुंभ मेले में सोशल मीडिया पर वायरल हुई इंदौर की मोनालिसा, अपने पति फरमान खान के साथ तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।



झारखंड के रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई (बाएं से दूसरे), पार्टी नेता भंवर जितेंद्र सिंह (दाएं से दूसरे), और अन्य।




एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव और अन्य लोगों ने नई दिल्ली में बजट सेशन के दूसरे हिस्से के दौरान एलपीजी की कमी को लेकर पार्लियामेंट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

# मोजतबा की चेतावनी- बंद रहेगा होर्मुज का रास्ता पेजेशकियान ने युद्ध समाप्त करने के लिए रखी ये तीन शर्तें



**नईदिल्ली, 13 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका-इजरायल के साथ जारी भीषण संघर्ष के बीच ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में कड़े तेवर दिखाते हुए ऐलान किया कि दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों और बच्चों के खून का बदला लिए बिना ईरान पीछे नहीं हटेगा। अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमले जारी रहेंगे। वहीं, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने युद्ध समाप्त करने के लिए तीन शर्तें रख दी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अमेरिका और इजरायल को ईरान के अधिकारों को मान्यता देनी होगी, युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई करनी होगी और भविष्य में किसी भी हमले के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गारंटी देनी होगी। होर्मुज में ईरानी हमलों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर 100 डालर प्रति बैरल को पार कर गईं। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने साफ कर दिया है कि अमेरिकी नौसेना फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा देने की स्थिति में नहीं है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार दावे कर रहे हैं कि वह ये लड़ाई जीत चुके हैं।अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए अपने पिता सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद देश की कमान संभालनेवाले मोजतबा खामेनेई ने अपने बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को संघर्ष में एक बड़े दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस जलमार्ग को बंद रखने की रणनीति जारी रहनी चाहिए, ताकि विरोधी देशों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में अमेरिका को अपने सभी सैन्य अड्डे बंद करने होंगे। मोजतबा खुद सामने नहीं आए और उनके बयान को सरकारी टीवी पर पढ़ा गया। बताया जा रहा है कि वह भी हमले में घायल हुए हैं। ईरानी जनता को संबोधित करते हुए खामेनेई ने कहा कि अब तक दुश्मन से बदले की केवल सीमित कार्रवाई ही हो पाई है, लेकिन जब तक पूरा हिसाब नहीं हो जाता, संघर्ष जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि युद्ध में मारे गए हर ईरानी नागरिक का बदला लिया जाएगा, जिसमें मीनाब स्थित स्कूल में मारी गई बच्चियां भी शामिल हैं।खामेनेई ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों से युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई कराई जाएगी। यदि वे ऐसा करने से इनकार करते हैं तो ईरान उनके हितों और संपत्तियों को निशाना बनाएगा या उतना ही नुकसान पहुंचाएगा जितना ईरान को हुआ है। उन्होने नागरिकों से भी एकजुट रहने की अपील की। साथ ही लेबनान के संगठन हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोहियों का भी समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से कोई भी जहाज हिलने की कोशिश न करे, वरना निशाना बना दिया जाएगा। आईआरजीसी ने दावा किया कि उसने अब तक 17 तेल टैंकरों को निशाना बनाया है, जिसमें दो अमेरिकी टैंकर भी शामिल हैं। हालांकि, अब तक 19 जहाज क्षतिग्रस्त हुए हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के नौसेना बल के प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तांगसीरी ने कहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से किसी तेल टैंकर को गुजरने से पहले ईरान की मंजूरी जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर दो जहाजों को निशाना बनाया गया है।

खामेनेई के बयान के साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल जहाजों पर दबाव बढ़ा दिया है।गुरुवार को इराक के तट के पास पांच तेल टैंकरों पर हमले के बाद भीषण आग लग गई, जिसके बाद इराक और ओमान ने अपने कुछ तेल टर्मिनल अस्थायी रूप से बंद कर दिए। ये हमले अमेरिकी, यूरोपीय, जापानी, थाईलैंड और एक अन्य जहाज पर हमले किए गए। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह संकट वैश्विक तेल आपूर्ति में इतिहास का सबसे बड़ा व्यवधान बन सकता है। तेल बाजार में घबराहट के बीच अमेरिका और अन्य बड़े देशों ने बुधवार को अपने रणनीतिक भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने की घोषणा की, ताकि कीमतों को नियंत्रित किया जा सके।

# मिशिगन हमला: यहूदी प्रार्थना स्थल में ट्रक घुसने से हड़कंप, सुरक्षाकर्मियों की गोलीबारी में हमलावर ढेर



**मिशिगन, 13 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका के डेट्राइट शहर के बाहरी इलाके में स्थित वेस्ट ब्लूमफील्ड टाउनशिप के एक यहूदी प्रार्थना स्थल (टेंपल इजराइल सिनेगाग) में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ट्रक इमारत में घुस गया और मौके पर एक शूटर के होने की खबर सामने आई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, घटना के बाद इमारत की छत से धुआं उठता हुआ देखा गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई।मिशिगन के एक शेरिफ ने कहा कि यहूदी प्रार्थना स्थल के सुरक्षाकर्मियों की एक व्यक्ति के साथ गोलीबारी हुई। ओकलैंड काउंटी के शेरिफ माइक बौचार्ड का कहना है कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने बताया कि यहूदी प्रार्थना स्थल पर वाहन से टक्कर मारने और गोलीबारी की घटना के सिलसिले में एफबीआइ के एजेंट मौके पर मौजूद हैं। घटनास्थल पर पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की कई गाड़ियां पहुंच गईं और पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया। टीवी चैनल डब्ल्यूडीआईवी-टीवी द्वारा जारी फुटेज में दर्जनों पुलिस वाहन सिनेगाग के आसपास तैनात दिखाई दे रहे हैं। डेट्राइट के यहूदी संघ ने सुरक्षा को देखते हुए इलाके के सभी यहूदी संगठनों को लाकआउट प्रोटोकाल लागू करने की सलाह दी है। इसके तहत किसी भी व्यक्ति को इमारत में आने या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।वर्जीनिया स्थित ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी में गुरुवार सुबह एक हमलावर ने परिसर को लॉकडाउन कर दिया, जिसमें कम से कम दो लोग घायल हो गए और हमलावर मारा गया। यूनिवर्सिटी ने यह जानकारी दी।यूनिवर्सिटी ने बताया कि सुबह 11 बजे से कुछ ही समय पहले, यूनिवर्सिटी और नॉरफॉक पुलिस तथा आपातकालीन कर्मी यूनिवर्सिटी के बिजनेस स्कूल की इमारत में हमलावर की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत के बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिल पाई।यूनिवर्सिटी के एक प्रवक्ता ने परिसर को लॉकडाउन किए जाने के तुरंत बाद एक बयान में कहा कि ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी ने मुख्य परिसर में दिन के बाकी समय के लिए कक्षाएं और कामकाज रद कर दिया है।

## आगरा में कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया रिसाव से हड़कंप... कई मजदूरों की तबीयत बिगड़ी

**आगरा।** कोल्ड स्टोरेज में कूलिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अमोनिया गैस का गुरुवार रात रिसाव हो गया। दुर्गंध फैलने पर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी घरों में ताले लगाकर खेतों पर पहुंच गए। पांच हजार की आबादी वाले गांव में थोड़ी देर में ही सभी घर खाली हो गए। दूसरे कोल्ड स्टोरेज में मौजूद 40 मजदूरों को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। यहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती कर लिया गया। 10 किलोमीटर क्षेत्र में पुलिस ने चारों ओर से रास्ते रोक दिए। पिनाहट के कुकथरी गांव में सुखराम शर्मा का कैला देवी कोल्ड स्टोरेज है।गुरुवार रात नौ बजे कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, कोल्ड स्टोरेज की ओर से तेज दुर्गंध आने लगी। देखते ही देखते दुर्गंध पूरे गांव में फैल गई, जिससे लोगों को घुटन महसूस होने लगी। स्थिति बिगड़ते देख महिलाएं और बच्चे घर छोड़कर खेतों में पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने मुंह पर कपड़ा बांधकर खुद को बचाने का प्रयास किया।स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को कोल्ड स्टोरेज के पास न जाने की हिदायत दी। कोल्ड स्टोरेज में 100 मजदूर थे, लेकिन गैस रिसाव शुरू होने पर वे वहां से भाग निकले। इसके पास ही बद्री विशाल कोल्ड में भी मजदूर थे। इनकी हालत बिगड़ने लगी। पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।यहां बरेली के सलीम की तबीयत बिगड़ते देखकर भर्ती कर लिया गया। अन्य को चेकअप के बाद डिस्चार्ज कर दिया। गैस गांव में फैलने पर ग्रामीण अपने घर छोड़कर खेतों की ओर दौड़ पड़े।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने ईरान के हमलों की निंदा करने वाले प्रस्ताव का किया समर्थन, रूस-चीन ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली 13 मार्च।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर ईरान द्वारा खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों और जार्डन पर किए गए अत्यंत गंभीर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की।इस प्रस्ताव को 15 सदस्यीय परिषद में 13 मतों से मंजूरी मिली, जबकि रूस और चीन ने मतदान से दूरी बनाई। प्रस्ताव में ईरान से तत्काल सभी हमले रोकने की मांग की गई है और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की उसकी धमकियों की भी निंदा की गई है।बहरीन की अगुआई में लाए गए इस प्रस्ताव का भारत ने सह-प्रायोजक बनकर समर्थन किया है, जो ईरान को लेकर भारत की नीति में आए भारी बदलाव को बताता है। कुल मिलाकर 135 देश इस प्रस्ताव के सह-प्रायोजक थे। यह पहला मौका है जब संयुक्त राष्ट्र में पश्चिम एशिया संकट से जुड़े प्रस्ताव का भारत सह-प्रायोजक बना है। वर्ष 2005 के बाद परमाणु ऊर्जा संवर्धन के मामले में भारत ने दो बार ईरान के खिलाफ वोट किया है, लेकिन मानवाधिकार के मुद्दे पर ईरान को घेरने संबंधी या ईरान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी प्रस्तावों पर वोटिंग में भारत अधिकांश तौर पर



अनुपस्थित रहा है। इस बार ईरान पर हमले की शुरुआत से ही भारत यह संकेत दे रहा है कि झुकाव अमेरिका और उन खाड़ी देशों के साथ है, जिन पर ईरान हमले कर रहा है। इसके पीछे भारत के रणनीतिक और आर्थिक हित भी हैं।खाड़ी क्षेत्र के देशों जैसे सऊदी अरब, यूएई, कतर से ही भारत की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा पूरा होता है। इसके अलावा खाड़ी क्षेत्र के देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं, जबकि ईरान में सिर्फ नौ हजार भारतीय हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों यह कह चुके हैं कि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले एक करोड़ भारतीय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

बहरहाल, प्रस्ताव में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, यूएई और जार्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के प्रति मजबूत समर्थन दोहराया गया है। साथ ही ईरान द्वारा इन देशों पर किए गए हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। सुरक्षा परिषद ने ईरान से इन देशों के खिलाफ सभी हमलों को तुरंत रोकने और पड़ोसी देशों को किसी भी प्रकार की धमकी या उकसावे से दूर रहने की मांग की है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए।प्रस्ताव में नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमलों की भी आलोचना की गई। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने इस प्रस्ताव को अनुचित और अवैध बताते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के विपरीत है।

### किसी को पेट्रोलियम आपूर्ति करते समय अपनी आवश्यकता भी देखेगा भारत, तेल संकट पर केंद्र की दो-टूक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को बताया कि बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव ने भारत से पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति का अनुरोध किया है। किसी देश को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करते समय भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को भी देखेगा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक ईंधन आपूर्ति में लगातार व्यवधान आ रहा है। बांग्लादेश पेट्रोल और डीजल की गंभीर कमी का सामना कर रहा है। उसे भारत से डीजल की आपूर्ति हुई है, जबकि उसने अतिरिक्त आपूर्ति का अनुरोध किया है। जायसवाल ने कहा, भारत पेट्रोलियम उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है, विशेष रूप से अपने पड़ोसी देशों को। हम बांग्लादेश पेट्रोलियम निगम के साथ साझेदारी में जलमार्ग, रेल और भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति करते रहे हैं।

# सऊदी पर ईरानी हमले के बाद पाकिस्तान की स्थिति सांप-छछूंदर वाली, इस्लामिक देशों में शहबाज की होगी किरकिरी



**इस्लामाबाद 13 मार्च।** अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले और ईरान द्वारा खाड़ी में ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई के बाद से पाकिस्तान की स्थिति सांप-छछूंदर वाली हो गई है। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुरुवार को सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते के कारण इस यात्रा के दौरान पाकिस्तान की भूमिका पर सबकी निगाहें हैं। दोनों देशों ने पिछले साल सितंबर में पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें किसी तीसरे देश द्वारा हमले की स्थिति में एक-दूसरे की रक्षा की प्रतिबद्धता जताई गई थी। पाकिस्तान ने यह समझौता ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया था। हालांकि, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू करने के बाद हालात बदल गए हैं। अब पाकिस्तान को समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। ईरान के साथ पाकिस्तान के अच्छे संबंधों और भौगोलिक निकटता को देखते हुए इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि क्या पाकिस्तान सऊदी अरब के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करेगा।विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार प्रधानमंत्री के साथ यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को क्षेत्र में संवाद और कूटनीति का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से किए जा रहे व्यापक राजनयिक प्रयासों के हिस्से के रूप में भी देखा जाना चाहिए। गौरतलब है कि रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) और सेना प्रमुख (सीओएएस) फील्ड मार्शल आसिम मुनीर द्वारा सात मार्च को सऊदी अरब की यात्रा के बाद यह दूसरी उच्च स्तरीय यात्रा है।

## लखनऊ में साइबर ठगों ने दो बुजुर्गों को लगाया 2.80 करोड़ का चूना, मुनाफे का लालच देकर बनाया शिकार




**लखनऊ।** कमोडिटी ट्रेडिंग व पॉलिसी भुगतान के नाम पर साइबर ठगों ने दो बुजुर्गों से 2.80 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। साइबर जालसाज ने फेसबुक व व्हाट्सएप के माध्यम से फंसाया। ट्रेडिंग पर मुनाफे के नाम पर रुपये जमा कराए। वहीं, दूसरे मामले में जालसाज ने बीमा लोकपाल और एक मंत्री का ओएसडी बन मैच्यूरिटी क्लेम दिलाने के नाम पर ठगी की। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है। वास्तुखंड-2 निवासी 67 वर्षीय आशीष तिवारी ने बताया कि दिसंबर 2025 में फेसबुक पर कमोडिटी ट्रेडिंग का विज्ञापन देखा। संपर्क करने पर एक युवती ने कॉल व व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क किया। ट्रेडिंग में निवेश करने पर युवती ने मोटे मुनाफे का आश्वासन दिया। उसके बाद वाट्सएप ग्रुप एच-10 फ्रेंडसशिप लिवसलांग पर जोड़कर फंसाया।

### मध्य प्रदेश में सनसनीखेज घटना... चार बेटियों की हत्या के बाद महिला ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में सनसनीखेज घटना सामने आई है। गुरुवार सुबह एक महिला का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला और पास में ही स्थित एक कुएं से उसके चार बेटियों के शव बरामद किए गए। पुलिस प्रथम दृष्टया अपनी बच्चियों को कुएं में फेंकने के बाद महिला द्वारा आत्महत्या की घटना मान रही है।स्वजन के अनुसार, महिला का पति लंबे समय से बाहर रह रहा है। पिछले 11 महीने से वह घर भी नहीं आया। पति की उपेक्षा और बेटियों के लालन-पालन की चिंता को लेकर महिला तनाव में रहती थी। ऐसे में, उसके द्वारा यह खौफनाक कदम उठाए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला अपने ससुर और बहन मीना के साथ घर में रहती थी। मृतक महिला की बहन ने बताया कि बुधवार रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अलग-अलग कमरों में सो गए। बुधवार की रात 2.30 बजे के करीब तेजी से घर से बाहर चली गई।

# भारत पर चीन, अमेरिका और रूस के हमले से राहुल को शांति मिलेगी, निशिकांत दुबे का कांग्रेस पर बड़ा हमला



**नई दिल्ली 13 मार्च।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर भारत को तोड़ने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आत्मा को शांति तब मिलेगी जब चीन, रूस और अमेरिका भारत पर हमला करेंगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा कि यदि संकट है, तो देश को एकजुट रहना चाहिए। निशिकांत दुबे ने गुरुवार को संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी को सुबह डोनाल्ड ट्रंप को गालियां देनी चाहिए, दोपहर में व्लादिमीर पुतिन को और शाम को शी चिनफिंग को गालियां देनी चाहिए। यदि प्रधानमंत्री तीनों का अपमान करते हैं, तो राहुल गांधी की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्होंने कहा, जब रूस, अमेरिका और चीन मिलकर भारत का बहिष्कार करते हैं या यहां तक कि भारत पर हमला करते हैं, तो उनका दिल संतुष्ट होगा क्योंकि जार्ज सोरोस का भारत को तोड़ने का एजेंडा सफल हो जाएगा।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा यही कहता हूं-भारत को तोड़ने की साजिश है और राहुल गांधी उस साजिश में शामिल हैं। सांसद दुबे ने कहा कि देश ने कभी इतना नीचा, अनुशासनहीन और लापरवाह विपक्ष नहीं देखा। पार्टी पक्षपाती राजनीति में लिप्त है और ऐसे में भारत के हितों को कमजोर कर रही है, जब देश को एकजुट रहना चाहिए। मोदी के नेतृत्व में सरकार का ध्यान भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर ले जाने पर है।एलपीजी की उपलब्धता पर उन्होंने दावा किया कि जबकि कई पड़ोसी देशों में कमी है, भारत की स्थिति कहीं बेहतर है। आपको यह समझना चाहिए कि पाकिस्तान लगभग चार दिनों से बंद है।

बांग्लादेश में 95 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो चुके हैं। आगे कहा कि श्रीलंका में 98 प्रतिशत रेस्तरां बंद हैं और वहां वाहन भी नहीं चल रहे हैं। सिंगापुर, दुबई और ओमान की स्थिति भी खराब है। लगभग हमारे सभी पड़ोसी देश कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि चीन की स्थिति भी अच्छी नहीं है। ऐसे हालात में सरकार का समर्थन करने के बजाय, विपक्ष क्या कर रहा है उन्होंने कहा कि एलपीजी को कभी अमीरों की सुविधा माना जाता था।

# जैश ने पीएफआई की मदद से उत्तर भारत में बनाया डिजिटल स्लिपर सेल मॉड्यूल, बड़े नेटवर्क का हो सकता है पर्दाफाश

**साहिबाबाद, 13 मार्च [एजेंसी]।**

आतंकियों ने भारत में अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए तरीके में बदलाव किया है। अब वह भारत में डिजिटल स्लिपर सेल मॉड्यूल को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके माध्यम से वह मदद से मुस्लिम युवाओं को गुमराह कर उनमें जिहादी सोच विकसित कर उनका ब्रेनवाश कर रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद भारत में तेजी से पैर पसार रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि जैश ने अपने इस मकसद के लिए बैन हो चुके संगठन पीएफआई (पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) व सिमी के नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा है। सूत्रों का दावा है कि प्रतिबंध लगने के बाद से इस संगठन के सदस्य औपचारिक रूप से सक्रिय नहीं है लेकिन स्लिपर सेल मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे हैं। नवंबर माह में दिल्ली में हुए आतंकी हमले में भी पीएफआई द्वारा जैश की मदद का अंदेशा खुफिया एजेंसियों ने जताया था और इसकी जांच अभी भी चल रही है। मसूरी के नाहल में देश विरोधी गतिविधियों में पकड़े गए आरोपित भी इसी मुहिम का हिस्सा थे।वह जैश-ए-मोहम्मद व अक्षरधाम आतंकी हमले के मुख्य आरोपित फरातुल्ला घोरी समेत अन्य पाकिस्तानी आतंकी व कट्टरपंथी ग्रुप को भी फालो कर रहे थे। आरोपितों के पकड़े जाने के बाद कई एजेंसियां जांच में जुटी हैं। माना जा रहा है कि जांच के बाद देश भर में एक बड़े नेटवर्क व बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो सकता है।27 मई को लोनी में मजहबी कट्टरता के खिलाफ आवाज उठाने वाले यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला भी पाकिस्तानी यूट्यूबर के उकसावे मे आकर किया गया था, ऐसा अंदेशा जताया गया है। मुठभेड़ में मारे गए हमलावर जीशान व गुलफाम टेलीग्राम ग्रुप मुस्लिम आर्मी मेहदी माडरेटर से जुड़े थे और पाकिस्तानी यूट्यूबर मोहम्मद हमाद बरकाती की वीडियो देखते थे।




आरोपित जीशान ने इंस्टाग्राम पर इंस्पायर विद जीशान के नाम से अकाउंट बनाया था और इसमें उसने खुद को इस्लामिक स्पीकर बताता था, यह ग्रुप कट्टरता के संदेशों से भरा था। उसके अकाउंट से भी काफी लोग जुड़े थे और उसके वीडियो देखते थे। यूट्यूबर मोहम्मद हमाद ने गाजियाबाद के पांच हिंदूवादी नेताओं की गर्दन उड़ाने की अपील की थी। माना जा रहा है कि इसके बाद से ही आरोपित हिंदूवादी नेताओं की हत्या की साजिश रच रहे थे और जल्द ही इस साजिश को अंजाम देने वाले थे। पीएफआई का स्लिपर मॉड्यूल एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है। अब तेजी से इसे डिजिटल का रूप दिया जा रहा है। इसके बारे में लगातार जानकारी सामने आने के बाद खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। बैन हुए संगठन के लोग अंडरग्राउंड हैं और भूमिगत होकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। नाहल से दबोचे गए आरोपितों ने इंस्टाग्राम पर कई कट्टरपंथी व जिहादी विचारधारा वाले ग्रुपों को फोलो किया हुआ है। आरोपितों ने वॉट्सएप पर भी एक ग्रुप बनाया था, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के 100 से अधिक युवा जुड़े हुए हैं।इस ग्रुप के माध्यम से वह युवाओं को भड़का रहे थे और उनका ब्रेनवाश कर रहे थे। ग्रुपों पर भड़काऊ संदेश व वीडियो के माध्यम से उन्हें उकसाया जा रहा था। यह नेटवर्क धीरे-धीरे विस्तार कर रहा था। पकड़े गए आरोपितों की साजिश नफरत की आग भड़काने की थी। आरोपितों की सूची में ऐसे कई हिंदूवादी नेता निशाने पर थे जिनकी वह हत्या करना चाहते थे। वह उनका सिर तन से जुदा करने की फिराक में थे। आरोपितों ने ऐसे नेताओं की सूची तैयार की थी, जिनका समाज में वजूद और लोग उनके अनुयायी हैं। इनकी हत्या के पीछे उनकी साजिश मजहबी हिंसा को भड़काना व हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को नुकसान पहुंचाना था। गाजियाबाद के एक बड़े हिंदूवादी नेता व धार्मिक गुरु व लोगों में अपना प्रभाव रखने वाले व्यक्ति उनके प्रमुखता से निशाने पर थे। इनकी हत्या के माध्यम से वह धार्मिक सोहार्द को बड़ी चोट पहुंचाना चाहते थे। कट्टरपंथी संगठनों ने लवजिहाद, मतांतरण के बाद अब युवाओं का ब्रेनवाश करने के लिए नया पैटर्न अपनाया है। अब संगठन सोशल मीडिया के माध्यम से अपने गतिविधियों व नेटवर्क को बढ़ा रहे हैं और जिहादी सोच, आतंकी साजिश के लिए युवाओं को भटकाने का काम कर रहे हैं। मसूरी में पूर्व में भी हिंदूवादी नेताओं व संतों पर सिर तन से जुदा करने का प्रयास हो चुका है। दो जून 2021 को डासना देवी मंदिर में विपुल विजयवर्गीय उर्फ रमजान व कासिफ हिंदू बनकर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर महंत यति नरसिंहानंद गिरि पर हमला करने के लिए घुसे थे। लेकिन उन्हें सेवादारों ने पकड़ लिया था। इनके पास से सर्जिकल ब्लेड, दवाएं व किताबें बरामद हुई थीं। पता चला था कि यह अपने गुरु विजयनगर निवासी सलीमुद्दीन के इशारे पर मंदिर पहुंचे थे। बाद में एजेंसियों ने जांच की तो देशभर में एक हजार से अधिक लोगों के मतांतरण का पर्दाफाश हुआ था। डासना देवी मंदिर में ही 10 अगस्त 2021 को दिल्ली जंतर-मंतर पर हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए बिहार से आए साधु नरेशानंद की गर्दन काटी गई थी।उनका सिर तन से जुदा करने का प्रयास किया गया। उनपर हमला भी यति नरसिंहानंद समझकर किया गया था, लेकिन समय से उपचार मिलने के कारण उनकी जान बच गई थी। इसके बाद वर्ष 2022 में डासना के इकला स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रुके जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर एवं हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रबोधानंद महाराज पर हमले का प्रयास किया गया। समीर शर्मा बनकर घुसा आस मोहम्मद, सर्जिकल ब्लेड, पिस्टल के साथ गिरफ्तार हुआ। उसने स्वीकार किया था कि उसे प्रबोधानंद की गर्दन उड़ानी थी। बाद में लव जिहाद का पर्दाफाश हुआ था, उसने कई युवतियों को शिकार बनाया था।

# केला एक प्रकृति का सुपरफूड, जो हर उम्र में रखे सेहत का ख्याल

**केला भारत के सबसे प्राचीन और पोषक फलों में से एक माना जाता है। यह सिर्फ स्वादिष्ट फल नहीं है, बल्कि एक ऊर्जा-पोषण-उपचार त्रिवेणी है। आयुर्वेद के अनुसार, केला मधुर, गुरु, शीतल, बल्य, पित्त-शामक, वात-नाशक और ओज-वर्धक होता है, इसलिए इसे सर्वगुण संपन्न फल भी कहा जाता है। यह सस्ता, आसानी से उपलब्ध और हर आयु के लिए सुरक्षित है।**



खासकर बच्चों, छात्रों, एथलीट्स, बुजुर्गों, कमजोर व्यक्तियों, एनीमिया और पाचन कमजोरियों वाले लोगों के लिए केला तुरंत ऊर्जा देने वाला सुपरफूड है। केला खाने के कई खास तरीके हैं। अगर हल्की गैस, कब्ज या अपच हो तो केले पर चुटकीभर काला नमक डालकर खाने से आमपित्त शांत होता है और अग्नि संतुलित रहती है। थकावट या कमजोरी में गुनगुना दूध और केला अच्छा ऑप्शन है। यह मांसपेशियों के लिए पोषक माना जाता है। पेट की जलन या अल्सर में थोड़ी मिश्री के साथ केला खाना अच्छा होता है। कमजोरी महसूस हो तो केला और शहद का सेवन करें, यह शरीर में ओज बढ़ाता है और इम्युनिटी मजबूत करता है। नींद न आने की समस्या हो तो केला और गर्म दूध बेहद फायदेमंद है, क्योंकि इसमें ट्रिप्टोफैन और मेलाटोनिन मिलकर अच्छी नींद लाते हैं। यह महिलाओं व छात्रों के लिए विशेष लाभकारी है। एथलीट्स के लिए केला काफी फायदेमंद होता है और थकान तुरंत दूर करता है।

त्वचा के लिए पका केला और दही का फेस पैक बनाकर लगाने से नमी, निखार और कोमलता आती है। आंतों की सफाई के लिए सुबह खाली पेट 1-2 केले खाने से डिटॉक्स होता है। केला गर्भवती महिलाओं के लिए भी गर्भ-पोषण फल माना गया है। यह शरीर में प्राकृतिक रूप से सेरोटोनिन बढ़ाता है, जिससे मूड अच्छा रहता है। केला हर उम्र और हर परिस्थिति में प्राकृतिक सुपरफूड है, लेकिन रात में देर से खाने या अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। इससे भारीपन महसूस होता है।



## भावना अजवानी की जगह अब निधी शेट्टी बनेगी प्रेरणा, प्रेम पर डोरे डाल छीनेगी राही का पति

टीवी के पॉपुलर सीरियल अनुपमा ने दर्शकों के दिलों-दिमाग पर कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। रुपाली गांगुली स्टारर अनुपमा में आए दिन ऐसे-ऐसे महाट्विस्ट आ रहे हैं, जिसने लोगों की एक्साइटमेंट भी सातवें आसमान पर पहुंचा दी है। रुपाली गांगुली स्टारर अनुपमा में लीप आने वाला है, जिसके बाद शो की कहानी ही नहीं, बल्कि कास्ट में भी काफी बदलाव देखने को मिलेगा। सीरियल में जहां सचिन त्यागी की एंट्री होने वाली है। वहीं अब अनुपमा में प्रेरणा की जगह भी एक नई एक्ट्रेस की एंट्री हुई है, जो शो में दिलचस्प मोड़ के साथ कदम रखती दिखाई देगी। अनुपमा में होने वाले इन बदलावों ने दर्शकों की उत्सुकता को भी दोगुना कर दिया है।

अनुपमा में जहां पहले प्रेरणा का किरदार भावना अजवानी अदा कर रही थीं। वहीं अब रुपाली गांगुली स्टारर अनुपमा में प्रेरणा की जगह एक्ट्रेस निधी शेट्टी कदम रखेंगी। निधी शेट्टी को आखिरी बार इशिका शाही की वेब सीरीज जब जोडियेक्स मेट में देखा गया था। इस सीरीज में उन्होंने जिया का किरदार अदा किया था। वहीं अब निधी शेट्टी प्रेरणा बनकर अनुपमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। हालांकि अभी तक शो से भावना अजवानी के जाने की वजह सामने नहीं आई है। वहीं दूसरी ओर निधी शेट्टी ने भी अनुपमा में एंट्री को लेकर कोई चुप्पी नहीं तोड़ी है।

रुपाली गांगुली स्टारर अनुपमा में सचिन त्यागी तो कदम रख ही रहे हैं। वहीं उनके साथ-साथ सीरियल में 3 इडियट्स फेम दुष्यंत वाघ भी कदम रखते नजर आएंगे। खबरों की मानें तो वह शो में सचिन त्यागी के साथ नजर आएंगे। हालांकि दुष्यंत वाघ के किरदार से पर्दा उठना अभी बाकी है। बता दें कि लीप के बाद अनुपमा गोवा में अपने नए सफर की शुरुआत करेगी। वहीं दूसरी ओर कोठारी परिवार में सत्ता पराग की जगह गौतम के हाथ में चली जाएगी। अब ये देखना दिलचस्प रहेगा कि ये कहानी आगे चलकर क्या मोड़ लेगी।

## कमर दर्द से राहत और बेहतर पाचन के लिए रोज करें उत्थित पार्श्वकोणासन



रोजाना योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्पवूर्ण भूमिका अदा करता है। कई लोग आम योगासन को बारे में तो जानते हैं, लेकिन उत्थित पार्श्वकोणासन के बारे में कम ही जानते हैं। इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर को कई तरह के शारीरिक लाभ मिल सकते हैं। उत्थित पार्श्वकोणासन एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ विस्तारित पार्श्व कोण मुद्रा है। यह खड़े होकर किया जाने वाला योगासन है, जो तत्वों को मिलाकर शरीर के साइड भाग को खोलता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर के दोनों तरफ में गहरा खिंचाव आता है, जिससे कमर दर्द में राहत मिलती है और रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है। योग विशेषज्ञों का मानना है कि रोजाना 30-60 सेकंड तक इसके अभ्यास से जीवनशैली बेहतर हो सकती है। हालांकि, इसके साथ संतुलित आहार भी लेना चाहिए।

इसको करना बेहद आसान है। इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर दोनों पैरों को एक दूसरे से दूर फैला लें। अब दाहिने पैर के पंजे को बाहर की तरफ घुटने से धीरे-धीरे मोड़ें और उसी मुद्रा में नीचे की ओर बैठें। फिर अपने दाएं हाथ को दाएं पैर के पास जमीन पर रखें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर सीधा 90 डिग्री के एंगल में रखने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने की कोशिश करें, फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। हालांकि, शुरुआती अभ्यासकर्ताओं को इसको करने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे आदत हो जाएगी और शरीर खुलने लगेगा।

आयुष मंत्रालय ने इसको करने के फायदे पर अहम प्रकाश डाला है। उनके अनुसार, यह एक खड़ी मुद्रा वाला योगासन है, जो पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार लाता है, और पैरों व रीढ़ को मजबूत करता है। इसके अलावा, शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है और रीढ़ की हड्डी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं, इससे दिमाग को शांति भी मिलती है और मानसिक तनाव से भी दूरी बनी रहती है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं, लेकिन शुरुआत में इसको किसी योग विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें, और अगर आपको कोई गंभीर चोट, माइग्रेन, या हाल ही में कोई सर्जरी हुई है, तो करने से पहले डॉक्टर या योग विशेषज्ञ से सलाह लें।

## द 50 से बाहर होने के बाद निक्की तंबोली ने की क्रिप्टिक पोस्ट, बोलीं-फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो

निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। जानिए, अपनी पोस्ट में निकी तंबोली ने क्या कहा? और कौन से प्रतियोगी पर वह निशाना साधा रही हैं।

निकी तंबोली ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।'

निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ।

द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिसं नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।



## भूत बंगला का नया पोस्टर आया सामने



अक्षय कुमार ने अपने करियर में कई हिट हॉरर-कॉमेडी फिल्में दी हैं। अब उनकी फिल्म भूत बंगला भी जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में मेकर्स ने इसका नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी टीजर रिलीज डेट भी शेयर की है। अक्षय ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकांउट पर साझा किया। इस पोस्टर में एक्टर पेड़ से उल्टे लटके हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके दूसरी तरफ एक चमगादड़ भी लटका हुआ है।

## बॉक्स ऑफिस पर द केरल स्टोरी 2 का 12वें दिन बढ़ी कमाई, अस्सी और ओ रोमियो का बुरा हाल



फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं लेकिन यह फिल्म अब तक 50 करोड़ रुपये की कुल कमाई भी नहीं कर सकी है। वहीं फिल्म 'अस्सी' और 'ओ रोमियो' की कमाई भी अब घटने लगी है। जानिए, मंगलवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की है।

सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' ने मंगलवार को 2.12 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि सोमवार को इस फिल्म ने 1.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 36.97 करोड़ रुपये है। मंगलवार को इस फिल्म के कलेक्शन में इजाफा हुआ है लेकिन अब तक यह 50 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन भी पार नहीं कर सकी। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'अस्सी' का कलेक्शन रिलीज के 19वें दिन सिर्फ 12 लाख रुपये हुआ। अठारहवें दिन भी इस फिल्म ने 12 लाख रुपये ही कमाए थे। 'अस्सी' का कुल कलेक्शन भी अब तक 10.59 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का कलेक्शन लाखों में सिमट गया है। फिल्म 'ओ रोमियो' को रिलीज हुए 26 दिन हो चुके हैं। शाहिद कपूर की इस फिल्म ने मंगलवार को 41 लाख रुपये कमाए हैं। जबकि सोमवार को इसका कलेक्शन 35 लाख रुपये था। फिल्म अब तक 100 करोड़ क्लब का हिस्सा भी नहीं बन सकी है। इसका कुल कलेक्शन अब तक 70.76 करोड़ रुपये हुआ है।

## रिलीज से पहले धुरंधर 2 का भौकाल हाथों-हाथ बिके 31सौ के भी टिकट



रणवीर सिंह की धुरंधर 2 के लिए लोगों की एक्साइटमेंट पीक पर है. इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते है कि इसके 18 मार्च को होने वाले पेड प्रीव्यू शो के लिए ही धुआंधार एडवांस बुकिंग हो रही है.

यहां तक कि महंगे टिकट भी हाथों हाथ बिक रहे हैं. चलिए यहां जान लेते है कि धुरंधर 2 ने फिलहाल पेड प्रीव्यू शो के लिए हो रही एडवांस बुकिंग में कितना कलेक्शन कर डाला है? धुरंधर 2 के पिछले हफ्ते रिलीज हुए ट्रेलर के बाद से इसके पेड प्रीव्यू शोज की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई थी. दिलचस्प बात ये है कि इसे प्री टिकट सेल में उम्मीद से कई गुना ज्यादा शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. धुरंधर-द रिवेंज एक पैन-इंडिया फिल्म है, जो हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हो रही है. बता दे कि फिल्म ने अब तक पूरे भारत में 8,337 शो के लिए 3.48 लाख टिकट बेचे हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इसी के साथ ये फिल्म अब तक अपनी प्रीमियर एडवांस बुकिंग से 18.64 करोड़ कमा चुकी है. फिल्म ट्रैकर के मुताबिक, हिंदी (2डी) वर्जन में धुरंधर 2 7,951 शो में 3.23 लाख टिकट बेचकर सबसे ज्यादा 18.16 करोड़ की कमाई की है. वहीं हिंदी डॉल्बी सिनेमा फॉर्मेट ने 203 टिकट से 1.57 लाख और कमा लिए हैं. डब वर्जन की बात करें तो इसने तमिल (2डी) में 15,385 टिकटों से 23.58 लाख कमाए हैं.इसके बाद तेलुगु (2डी) ने 7,827 टिकटों से 18.54 लाख, कन्नड़ (2डी) वर्जन ने 479 टिकटों से 2.04 लाख और मलयालम (2डी) वर्जन ने एडवांस सेल से 934 टिकटों से 2.25 लाख कमाए हैं.

धुरंधर 2 के पेड प्रीव्यू के शानदार रिस्पॉन्स को देखते हुए आईएनओएक्स, सिनेपोलिस और पीवीआर जैसी बड़ी सिनेमा चेन ने धुरंधर 2 के पेड प्रीव्यू के ज़रिए नई प्रीमियम कैटेगरी शुरू की हैं. पूरे भारत में इन शो सबसे ज्यादा महंगे टिकट मुंबई के बोरीवली में स्काई सिटी मॉल के आईनॉक्स मेगाप्लेक्स में बिके हैं. यहां रिक्लाइनर प्राइम कैटेगरी में 3,100 रुपये की कैटेगरी भी सोल्ड आउट हो चुकी है.बता दें कि आदित्य और लोकेश धर के बी62 स्टूडियोज़ और ज्योति देशपांडे के जियो स्टूडियोज़ ने मिलकर धुरंधर 2 बनाई है. इसमें रणवीर, संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन पहले पार्ट के अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे. इसका पहला पार्ट धुरंधर घरेलू बॉक्स ऑफ़िस पर अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फ़िल्म बन गई।

## सू- दोकू क्र.340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -340

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | या | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

भाजपा सरकार में अफीम की खेती फल-फूल रही,युवाओं को नशे के दलदल में धकेला जा रहा

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अफीम खेती उजागर होने के विरोध में कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव

**कोरिया बैकुंठपुर।** दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किये जाने के मामले के विरोध में आज कांग्रेसजनों ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के तहत आज सैकड़ों की संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में रैली के रूप में पैदल मार्च निकालते हुए राजीव भवन से कुमार चौक होते हुए छिंदडाड़ स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां कांग्रेसजनों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती का मामला सामने आया था,वहीं हाल ही में बलरामपुर जिले में भी अफीम की खेती उजागर होने से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में नशे के कारोबार को रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है और यह साफ होता दिखाई दे रहा हैं कि भाजपा नशे के कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार बढ़ने से प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है,जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी स्थिति के खिलाफ निरंतर संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,महामंत्री बृजवासी तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े,नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव,सुरेश सिंह,अजीत लकड़ा,हेमसागर यादव,प्रवीर भट्टाचार्य,चांदनी सोनी,दीपक गुप्ता,राहुल जायसवाल,अविनाश पाठक,आशीष डबरे,अनिल जायसवाल,सौरभ गुप्ता,अनित दुबे,सुमन दुबे,राजीव गुप्ता,विकाश श्रीवास्तव,प्रांजल जायसवाल,विपुल शुक्ला,अमित नामदेव,अखिल बाब,अब्दुल अहद, आबिद अली,दीपक गुप्ता,राजू भगत,जाग्रत कुर्रे,एस एन मोदी,पीर मोहम्मद चिंटू,संतोष गोयन, अमित, रामसाय सोरी,मोहन यादव,बसंत सिंह,रमेश पड़वार, रंजीत चापेकर,दीपक खत्री,परेश कुमार सिंह,अमन देवांगन,मनीष कुमार सिंह,धीरज शिवहरे,मीनू मांझी, आकाश खटीक,मनोज दुबे,अंकित गुप्ता,अमन त्रिपाठी,दिल कुमार गुप्ता,विजय चक्रधारी,मो.इस्ताक अली,शमीम खान,गणेश जायसवाल,स्वतंत्र महोबिया, अनित दुबे,एवं अनेकों कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।



दो प्रतिष्ठानों से सिलेंडर जब्त

## होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर खाद्य विभाग की सख्त कार्रवाई

**एमसीबी।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को लेकर खाद्य विभाग ने सख्ती दिखाते हुए संयुक्त जांच अभियान चलाया। गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने मनेन्द्रगढ़ और चैनपुर क्षेत्र के होटलों का निरीक्षण किया, जिसमें दो प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पाए जाने पर उसे मौके पर ही जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल में खाद्य अधिकारी मनेन्द्रगढ़, सहायक खाद्य अधिकारी मनेन्द्रगढ़ तथा खाद्य निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ शामिल थे। टीम द्वारा जिले के कुल तीन होटलों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान चंदन होटल, चैनपुर में एक नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का उपयोग खाना बनाने के लिए किया जाना पाया गया। इसी प्रकार हाईवे होटल, चैनपुर में भी एक नग घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्य में किया जाना पाया गया। जांच दल ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू ईंधन के रूप में किया जाना नियमानुसार निर्धारित है। इसका व्यावसायिक उपयोग करना द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 की कंडिका 31 (ग) का उल्लंघन है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। नियमों के उल्लंघन के कारण दोनों होटलों से एक-एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर शैलपुत्री इंडेन गैस एजेंसी को सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई चंदन होटल के संचालक बाबूलाल शाह तथा हाइवे होटल के संचालक अशोक दास की उपस्थिति में विधिवत पंचनामा एवं जप्तीनामा तैयार कर की गई। वहीं हजारी होटल, मुख्य बाजार मनेन्द्रगढ़ के निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाया गया। इस प्रतिष्ठान में 18 नग व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध पाए गए, जो नियमानुसार उपयोग में लाए जा रहे थे। खाद्य विभाग ने होटल संचालकों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए ही किया जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोर गांव मोर पानी हेतु आवा पानी झोंकी का आव्हान ला रहा है बड़ा बदलाव

### जलसंरक्षण हेतु किशोरी पंचायत में जनसहयोग से एक दिन में बने 60 सोख्ता गड्ढे

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मोर गांव मोर पानी जलसंरक्षण महाभियान कोरिया जिले में आवा पानी झोंकी के नाम से नए बदलाव की बयार बन चुका है। कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत किशोरी के टिपका पारा में जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है। 'आवा पानी झोंकी' अभियान से प्रेरित होकर स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से एक ही दिन में 60 सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर मिसाल पेश की है।

इस गांव में पहले घरों से निकलने वाला अपशिष्ट जल खुले में फैल जाता था, जिससे गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती थी। कई स्थानों पर पानी जमा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यह समस्या आम जनजीवन के आवागमन से लेकर उनके स्वास्थ्य पर भी बेहद दुष्प्रभाव डाल रही थी। प्रशासन की पहल से इस समस्या के लिए ग्राम पंचायत ने आगे बढ़कर समस्या हल करने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत के सरपंच बबन ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव का भू-जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। साथ ही घरों से निकलने वाला गंदा पानी खुले में फैलने से गांव का वातावरण भी लगातार प्रभावित होता था। प्रशासन द्वारा आवा पानी झोंकी अभियान के तहत पहले प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर उनके घरों में सोख्ता गड्ढों के निर्माण कराए इससे नए घरों के निकासी जल की समस्या समाप्त हुई। इसके बाद गांव में भी इसे जनसहयोग से हर घर में लागू करने का निर्णय लिया गया है। सरपंच ने बताया कि इस कार्य को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत के सभी वार्डों की एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से समस्या के निराकरण का सामूहिक निर्णय लिया गया। विशेष बात यह है कि इस कार्य में शासन की कोई राशि खर्च नहीं हुई और सभी ग्रामीणों ने स्वयं प्रेरित होकर जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से इस पहल को सफल बनाया है। अब हर घर से निकला हुआ यह पानी सोख्ता गढढे से जमीन में समाहित होगा, जिससे गांव में स्वच्छता बनी रहेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय निवासियों के सहयोग से उर्जावान सरपंच ने बताया कि हमारा लक्ष्य शतप्रतिशत घरों में सोख्ता गढढे बनाने का है। एक ही दिन में हमने पूरे गांव के 60 घरों में यह कार्य कर लिया है। अब जल्द ही पूरे गांव के हर घर में सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जाए। इसके साथ ही खेतों में भी 5 प्रतिशत मॉडल के तहत गड्ढे बनाए जा रहे हैं, जिससे वर्षा जल संरक्षण और भू-जल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों की इस सामूहिक पहल ने यह साबित कर दिया है कि सामुदायिक भागीदारी से जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में बड़े बदलाव संभव हैं। किशोरी पंचायत का यह प्रयास क्षेत्र के अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक बन रहा है।



## उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर और युवा खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में उत्साहपूर्ण और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान दिया शर्मा द्वारा दीप मंत्र प्रस्तुत कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद जैसी कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी और वॉलीबॉल में खड़गवां की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ के अक्षर ने प्रथम, लेदरी की



नीतू ने द्वितीय और कछौड़ की किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में खड़गवां की कौशल्या ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि मनेन्द्रगढ़ की माही दूसरे और खड़गवां की फुल कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार गोला फेंक प्रतियोगिता में खड़गवां की पार्वती ने प्रथम, राजकुमारी ने द्वितीय और अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं लंबी कूद प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ की माही ने प्रथम, अनीशा ने द्वितीय और खड़गवां की राजकुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का उत्साहवर्धन कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती जानकी कुसरो और नगर पंचायत झगराखाण्ड की अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव मौजूद रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही है। खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य और प्रशासनिक क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिये निरंतर अवसर और प्रोत्साहन मिलना चाहिये जिससे वे अपनी प्रतिभा को और अधिक निखार सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला खेल अधिकारी विनोद जायसवाल एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार चौधरी ने किया जबकि अंत में जिला खेल सहायक अधिकारी रणधीर सिंह ठाकुर ने उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन और खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी और दर्शक उपस्थित रहे।

## अग्निवीर भर्ती के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

**सूरजपुर।** पंडित रविशंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय भैयाथान, सूरजपुर में आज भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम कुमार चन्द्रा, पैरा कमांडो स्पेशल ट्रेनर, सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में चन्द्रा ने विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी - चयन प्रक्रिया से लेकर सेवाकाल के दौरान एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाले लाभों तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई।

## अस्पताल में नाबालिग की डिलीवरी से मचा हड़कंप

**एमसीबी।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में नाबालिग लड़की की डिलीवरी होने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जनकपुर अस्पताल में एक नाबालिग लड़की की डिलीवरी कराई गई। नाबालिग से जुड़े ऐसे संवेदनशील मामलों में कानूनी प्रावधानों और निर्धारित प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए था। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले में अस्पताल के बीएमओ डॉ. रमन सिंह और डिलीवरी कराने वाली लेडीज डॉक्टर डॉ. आभ्या गुप्ता की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि मामले की गंभीरता के बावजूद अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि इस प्रकार के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, लेकिन हर बार जांच और कार्रवाई की बात कहकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## रंग, उमंग और आपसी सौहार्द के बीच नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिया एकता का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** रंगों और उमंग के पर्व होली के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के तत्वावधान में मनेन्द्रगढ़ स्थित सर्कस ग्राउंड के पीछे भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्सव का रूप दे दिया। पूरे परिसर में रंगों की खुशबू, हंसी-मजाक और आपसी अपनत्व का वातावरण देखने को मिला।

समारोह के दौरान कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढंग से होली का आनंद लिया और संगठन की मजबूती के साथ समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने की बात कही। कार्यक्रम स्थल पर होली के गीतों और मिलन के माहौल ने उपस्थित लोगों को उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि यह आपसी रिश्तों को मजबूत करने और समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे



आयोजन समाज में आपसी दूरी को मिटाकर लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही समाज में भाईचारा, एकता और जनहित के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान भी किया साथ ही कहा कि त्योहारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह, श्रीमती इंदिरा सेंगर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, जिला महामंत्री शरण सिंह, रफीक मेमन, पूनम सिंह, अनीत दुबे, ध्रुपद चौहान, व्यंकटेश सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के अध्यक्ष रामनरेश पटेल, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर कमरो, मनेन्द्रगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर होली के रंगों के बीच एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और संगठन की एकजुटता के साथ समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम उत्साह, आत्मीयता और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसने उपस्थित सभी लोगों को होली के रंगों में सराबोर कर दिया।

## शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोरिया।** संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के लिए ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही ग्रीष्म ऋतु में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों, उनके लक्षण तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सकों द्वारा बच्चों को स्वच्छता, हस्त प्रक्षालन की सही विधि, सुपोषण, दिनचर्या, रात्रिचर्या तथा संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी बताया गया। साथ ही एनसीडी (गैर संचारी रोगों) के लक्षण एवं उनसे बचाव के लिए आहार-विहार, योग और व्यायाम अपनाने की जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. बी.आर. नायक, कुमारी किरण तिर्की, फार्मासिस्ट पीतांबर सिंह सहित स्कूल के शिक्षकों और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## जिले में बढ़ते पीलिया रोग को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** जिले में पीलिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अविनाश खरे स्वयं मेडिकल टीम के साथ शहर में निरीक्षण कर रहे हैं। गुरुवार को सीएमएचओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मनेन्द्रगढ़ शहर के विभिन्न होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों के साथ ही घरों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पीने के पानी की गुणवत्ता और भोजन बनाने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। होटल संचालकों को स्वच्छता बनाये रखने तथा शुद्ध पानी का उपयोग करने के सख्त निर्देश दिये गये। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर सर्वे अभियान भी शुरू किया गया है। स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ले रहे हैं और पीलिया के लक्षण मिलने पर तत्काल जांच और उपचार की व्यवस्था कर रहे हैं। मेडिकल टीम लोगों को जागरूक करते हुए साफ और उबला हुआ पानी पीने, खुले में मिलने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दे रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पीलिया एक गंभीर बीमारी है जो प्रायः दूषित पानी और अस्वच्छ भोजन के कारण फैलती है। हालांकि आवश्यक सावधानी बरतने और स्वच्छता रखने से इस बीमारी से बचाव संभव है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति में आंखों या त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी, भूख कम लगना या उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करायें। विभाग द्वारा जिले में निगरानी बढ़ा दी गई है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जिला एवं सत्र न्यायालय में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**कोरिया।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैकुण्ठपुर के मार्गदर्शन में 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुण्ठपुर में भव्य रूप से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री योगेश पारीक की गरिमामयी उपस्थिति रही साथ ही बैकुण्ठपुर जिला न्यायालय में पदस्थ सभी न्यायाधीशगण एवं मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला न्यायालय में कार्यरत कर्मचारीगण एवं व्यवसायरत हिलाअधिवक्तागण भी उपस्थित रहीं। कार्यकम का प्रारंभ माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उपस्थित अतिथिगण एवं महिलाओं का स्वागत बैज एवं तिलक लगाकर किया गया। आयोजित कार्यकम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, जिसमें कविता पाठ्न एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में कार्यरत महिलाओं को उत्त्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्तागण द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान और समर्पण के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के द्वारा समाज में नारी के योगदान, उपलब्धियों और समर्पण पर विशेष प्रकाश डालते हुए नारी का सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया गया।

## राजनीतिक नौटंकी कर रही कांग्रेस-रामचरित

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी ने कांग्रेस द्वारा भाजपा जिला कार्यालय के घेराव किये जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित कदम है। जब प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रहा है। तब कांग्रेस का इस तरह विरोध करना कई सवाल खड़े करता है। द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। यह कार्यवाही कानून के दायरे में रहकर की जा रही है ताकि अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस कार्यवाही का विरोध करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव कर रहे हैं, जो समझ से परे है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस पहले यह स्पष्ट करे कि वह आखिर चाहती क्या है। क्या कांग्रेस अवैध अफीम की खेती करने वालों का समर्थन कर रही है? यदि प्रशासन कानून के तहत कार्यवाही कर रहा है तो उसका विरोध करना कहीं ना कहीं अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है। भाजपा मीडिया प्रभारी ने आगे कहा कि कांग्रेस को यह भी स्पष्ट करना चाहिये की उनके नेता कवासी लखमा और चैतन्य बघेल इतने दिनों तक जेल में क्यों रहे। यदि कांग्रेस खुद को पारदर्शिता और ईमानदारी की पार्टी बताती है तो उसे इन सवालों का जवाब भी जनता के सामने देना चाहिये। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यदि कहीं अवैध कारोबार चल रहा था तो उस समय उन पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई। राम चरित द्विवेदी ने कहा कि भाजपा हमेशा कानून व्यवस्था और पारदर्शिता के पक्ष में रही है। जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने कांग्रेस से आग्रह किया कि वह अनावश्यक विरोध और राजनीतिक नौटंकी से बचें तथा जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक राजनीति करें।

## घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता खाद्य विभाग की लगातार निगरानी

**कोरिया।** जिला कोरिया में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। 11 मार्च 2026 को जिले के गैस एजेंसी संचालकों की बैठक अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एजेंसी संचालकों ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जिले की सभी गैस एजेंसियों में उपलब्ध गैस सिलेंडरों के स्टॉक का प्रतिदिन सत्यापन किया जा रहा है। विभाग के अनुसार वर्तमान में सभी एजेंसियों में आम उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के लाल रंग के घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा जिले में लगातार छापामार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में 12 मार्च 2026 को बैकुंठपुर क्षेत्र के होटल और ढाबों में जांच के दौरान कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में आम उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा अनियमितताओं के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भाजपा कटघोरा मंडल की बैठक में कार्यशाला पर चर्चा

**कोरबा।** कटघोरा मंडल की बैठक में कार्यशाला पर चर्चा की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कटघोरा में 17 मार्च से कार्यशाला शुरू होगा। इस कार्यशाला को सफल बनाने में अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, देव कुमारी पटेल, अनुराग दुलानी, जय गर्ग, पियुष अग्रवाल, रवि साहू, किशन केशरवानी के द्वारा की जा रही है। इसी तरह सर्वमंगला नगर वार्ड की कार्यशाला 21 मार्च को आयोजित है। इस कार्यशाला को सफल बनाने में मनीष मिश्रा, अनूपा साहू, हिलेंद्र जायसवाल द्वारा तैयारी की जा रही है। जबकि आज तिलकेजा में उरगा मंडल की कार्यशाला आयोजित है। यहां पर किशन साव, प्रवीण साहू, कमलेश अनंत, दशरत बड़ा द्वारा तैयारी की जा रही है। आज आरपी नगर व बुधवारी वन वार्ड में सक्ति केन्द्रों की बैठक आयोजित की गई है। इन दिनों कोसाबाड़ी के सभी सक्ति केन्द्रों में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में सफल बनाने में राजेश राठौर, सरिता महंत, मिलाप राम, पुनीराम साहू, निहाल सोनी के द्वारा तैयारी की जा रही है।

# टीपी नगर चौक रेलवे क्रासिंग पर घंटो खड़ी रही मालगाड़ी, लोग हुए परेशान

**कोरबा।** शहर के टीपी नगर चौकी रेलवे क्रासिंग लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। आज प्रात: यहां कोयला भरी मालगाड़ी के रेलवे क्रासिंग पर घंटों खड़ी रहने से लोगों जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक अतिरिक्त इंजन आने के बाद मालगाड़ी क्रासिंग से आगे बढ़ी और जाम में फंसे लोग अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

ज्ञात रहे इस रेलवे ट्रैक से बालको एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के संयंत्रों के लिए कोयला आपूर्ति हेतु मालगाड़ियां चलती हैं, जो ओवरलोड तथा ट्रैक के चढ़ाव होने और मालगाड़ी के डिब्बों की अधिकाधिक संख्या होने के कारण अक्सर टीपी नगर चौक रेलवे क्रासिंग पर आते-आते हॉफ जाती है तथा यहां खड़ी हो जाती है। आज भी ऐसे ही मालगाड़ी सुबह 9.30 बजे के लगभग यहां पहुंची और क्रासिंग के बीचोबीच खड़ी हो गई जिससे लोग क्रासिंग पार नहीं कर सके और इसमें फंसे रहे। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों ने



वैकल्पिक मार्ग चुनते हुए या तो शारदा विहार की ओर से अपने गंतव्य की ओर गए या रिकांडो मार्ग का उपयोग कर सीएसईबी चौक होते हुए पार हुए, लेकिन चारपहिया वाहन क्रासिंग में फंसी रही और इसके खुलने का इंतजार करते हुए खड़े रहे। 11 बजे के बाद जब मालगाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त इंजन मंगवाया गया तो उसके आने के बाद मालगाड़ी आगे बढ़ी और इसमें फंसे लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। टीपी नगर रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ियों के लंबे समय से खड़े रहने का यह पहला मामला नहीं था। अक्सर यहां पर मालगाड़ियां घंटों खड़े रहती है। इस दौरान जाम लगने से यहां के व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित होता है। लोगों द्वारा टीपी नगर चौक पर आए दिन होने वाली इस समस्या से निपटने के लिए ओवरब्रिज बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है लेकिन अब तक इस हेतु न तो रेलवे ने कोई कदम उठाया है और न ही संबंधित प्रतिष्ठानों ने।

## तमाम समझाईश के बावजूद ग्रामीण जंगल में लगा दे रहे आग



**कोरबा।** वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा संबंधी तमाम समझाईश देने तथा जंगल में आग न लगाने की अपील करने के बावजूद ग्रामीण जिले के कटघोरा तथा कोरबा वनमंडल स्थित जंगलों में आग लगा दे रहे हैं जिससे अमला काफी परेशान हैं। देर रात आग को बुझाने के लिए प्रयास में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में महुआ सीजन शुरू हो गया है और ग्रामीण इसके संग्रहण के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकलकर गांव की ओर जाना शुरू कर दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा मौका देखकर महुआ पेड़ के नीचे आग लगाकर छोड़ दिया जा रहा है जो धीरे-धीरे फैलकर जंगल की ओर बढ़ जा रहा है जिससे जंगल को नुकसान हो रहा है। जानकारी मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचता है और फायर ब्लोवर की मदद से आग पर काबू पाता है। जंगल में आग लगने की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही है। इससे पहले वन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह जनजागरूकता रैली निकाली गई थी। कई स्थानों पर दीवार लेखन भी कराया गया था और बैठक लेकर ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा संबंधी उपाय बताने के साथ-साथ जंगल में आग न लगाने की समझाईश दी गई थी। इस दौरान लोगों ने आश्वासन दिया था लेकिन अब मौका मिलते ही अपने आश्वासन को तोड़कर महुआ पेड़ के नीचे आग लगा दे रहे हैं ताकि पेड़ के नीचे साफ-सफाई हो और महुआ संग्रहण में उन्हें आसानी हो सके।

## वेलफेयर कमेटी की टीम ने पेयजल मामले को उठाया

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में अभी तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सका है। पूरे कालोनी में पाईप लाईन बिछाये जा चुके हैं। पाईप लाईन का दो बार ट्रायल भी हो चुका है। पिछले दिनों वेलफेयर कमेटी सदस्यों की बैठक प्रबंधन के साथ हुई, जिसमें मिनीलाल साहू, रामलाल साहू, राजेश पिल्ले, डी रविन्द्र, राजकुमार शर्मा ने पेयजल की समस्या को सामने रखते हुए कहा कि अब तक पोखरी से ही पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जब पाईपलाईन बिछाये जा चुके हैं। क्यों देरी हो रही है। पेयजल आपूर्ति को तत्काल शुरू किया जाए। इसके अलावा अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई।

## सुरक्षा नियमों का पालन करे : कंसल

**कोरबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह (कोरबा पूर्व) में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह (3 से 10 मार्च) के दौरान विभिन्न संरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य अभियंता संजीव कंसल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में अति. मुख्य अभियंता सुनील सरना (अध्यक्ष), अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, एल.एन. सूर्यवंशी तथा वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को संरक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, 'संरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। काम करते समय सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें और नियमों का सख्ती से पालन करें।

संयंत्र में सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाकर हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। सुरक्षा को केवल सप्ताह तक सीमित न रखें, इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। कारखाना प्रबंधक सुनील सरना ने कहा कि एक दुर्घटना न केवल परिवार को प्रभावित करती है, बल्कि पूरे संयंत्र पर भी असर डालती है। इसलिए सभी को सुरक्षा नीतियों को अपनाकर कार्य करना चाहिए। मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीण भगत ने सप्ताह भर के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## धरने पर बैठे भविस्थापित

**कोरबा।** जरहाजेल के प्रभावित भूविस्थापित किसान रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले उन्होंने एसईसीएल के खिलाफ नारे लगाए।



# फ्लाई ऐश उद्योगों से फैल रहे प्रदूषण का मुद्दा संसद में गूंजा

### पर्यावरण मुआवजा कितना वसूला व क्या कार्यवाही की-सांसद ने पूछा

**कोरबा।** लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसद में कोरबा जिले में बढ़ती फ्लाई ऐश, लेगेसी ऐश और उद्योगों से फैल रहे प्रदूषण की गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने 100 प्रतिशत फ्लाई ऐश उपयोग का लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले विद्युत संयंत्रों से अब तक वसूले गए मुआवजा और अन्य कार्यवाही की जानकारी भी चाही।

उन्होंने विशेष रूप से कोरबा जिले के ऐश पॉन्ड में पिछले तीन वर्षों में जमा लेगेसी ऐश की मात्रा और उसके वैज्ञानिक निपटान की समय-सीमा की जानकारी मांगने के साथ विद्युत संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण का स्थानीय पर्यावरण, जल स्रोतों, कृषि और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर पर चिंता जताई। सरकार की ओर से नियम का उल्लंघन करने पर ऐसे संयंत्रों पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा भी मांगा। इसके जवाब में पर्यावरण और



जलवायु परिवर्तन मामलों के केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर 2021 की अधिसूचना के अनुसार कोयला या लिग्नाइट आधारित ताप विद्युत गृहों को 100 फीसदी फ्लाई ऐश उपयोग करने आदेशित किया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड की ओर से कोरबा या प्रदेश के किसी भी ताप बिजली घरों पर पर्यावरणीय मुआवजा अधिरोपित नहीं किया गया है। मंत्री ने वजह बताई कि प्रथम तीन वर्षीय अनुपालन चक्र वित्त वर्ष 2022 से 2025 तक राख उपयोग संबंधी लक्ष्य के संबंध में कोई गैर अनुपालन होना नहीं पाया गया।

लोकसभा में सांसद ज्योत्सना महंत ने वन क्षेत्रों और जनजातीय बस्तियों में हो रही अवैध ऐश डंपिंग को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी मांगी। उनका कहना था कि फ्लाई ऐश एक बड़ी समस्या है इसलिए स्थायी समाधान जरूरी है। विभागीय मंत्री ने सांसद को जानकारी दी कि थर्मल पॉवर प्लांट को अप्रयुक्त संचित राख अर्थात लैगेशी ऐश का उपयोग क्रमिक रूप से करने को कहा गया है। 1 अप्रैल 2022 से 10 वर्ष के भीतर इसकी उपयोगिता तय होगी। सीएसईबी के हवाले से केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि हसदेव ताप विद्युत संयंत्र स्थित ऐश पांड को छोडक़र कोरबा जिले में बेमतलब के ऐसे ऐश पांड को विद्युत कंपनी ने फिर से प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में वहां संचित लैगेशी ऐश की कुल मात्र 210.64 लाख मिट्रिक टन है। सांसद ने ऐश ट्रैक के जरिए फ्लाई ऐश के प्रबंधन और ट्रैकिंग के बारे में नतीजे की जानकारी मांगी। इस पर उन्हें बताया गया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित वेब पोर्टल पर राख उत्पादन और उपयोगिता की मासिक जानकारी अपलोड करने आदेशित किया गया है। इसके साथ ही ताप विद्युत संयंत्रों और सीपीसीबी द्वारा अधिकृत लेखा परीक्षकों से राख निपटान के लिए वार्षिक अनुपालन लेखा परीक्षा की रिपोर्ट पर भी ध्यान दिया जा रहा है। लोकसभा की कार्यवाही में सांसद ज्योत्सना महंत ने विद्युत संयंत्रों से वसूले गए पर्यावरणीय जुर्माने की उपयोगिता पर्यावरण व स्वास्थ्य क्षेत्र में तय करने की मांग भी सरकार से की। इस पर केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि राख उपयोग अधिसूचना 2021 के अंतर्गत थर्मल पॉवर प्लांट व अन्य मामलों में लापरवाही बरतने वालों से एकत्रित किए गए पर्यावरण मुआवजे की राशि का उपयोग राखड़ के सुरक्षित निपटान के लिए होता है। इसके अतिरिक्त राख आधारित उत्पाद सहित राख के उपयोग पर अनुसंधान को उन्नत बनाने में भी हो सकता है। कहा गया कि छत्तीसगढ़ के थर्मल बिजली घरों पर पर्यावरणीय मुआवजा अधिरोपित नहीं किया गया है। इसलिए पर्यावरणीय मुआवजे के आबंटन का औचित्य नहीं है।

## चेट्रीचंड्र महोत्सव कल से, होंगे कई आयोजन

**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 मार्च से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को सुबह बहराणे साहब की पूजा, रक्तदान शिविर, दोपहर में आम भंडारा व शाम को भव्य शोभायात्रा के रूप में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव नरेश जगवानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ईष्ट देव वरुण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंडू महोत्सव 14 से 20 मार्च तक आस्था व उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को सिंधु भवन रानी रोड में शाम 6 बजे भगवान झूलेलाल की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंडू महोत्सव शुरू होगा। 15 व 16 मार्च को एसपीएल-2 क्रिकेट मैच सीएसईबी खेल मैदान में होगा। जिसमें समाज के युवक युवतियां भाग लेंगी। 19 मार्च को सुबह 8 बजे बाइक रैली झुलेलाल मंदिर से शुरू होगी, जो प्रमुख मार्ग से होकर संत कंवरराम उद्यान मेन रोड तक जाएगी। 20 मार्च को सुबह 10 बजे पूजा अर्चना श्री झूलेलाल मंदिर में होगी। इसी दिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सिंधु भवन में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे से आम भंडारा होगा। शाम 5 बजे बहराणे साहब की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा मंदिर से निकलेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। विसर्जन रात 10 बजे जोड़ापुल तुलसीनगर में होगा। 25 मार्च को झूलेलाल भगवान का छठी महोत्सव सिंधु भवन में शाम 6 बजे मनाया जाएगा।

# व्हीएलसीटीपीपी की चलित स्वास्थ्य इकाई से 7 हजार ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**कोरबा-सक्ती।** वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) ने स्वयंसेवी संगठन पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से चलित स्वास्थ्य इकाई की शुरूआत की है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'आरोग्य परियोजना' के अंतर्गत संचालित पहल से ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही के लगभग 7000 नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलित स्वास्थ्य इकाई को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उद्घाटन समारोह के उपरांत सिंघीतराई, बेनीपाली, निमोही और कठर्रापाली में आयोजित शिविरों से लगभग 200 नागरिक लाभान्वित हुए। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को पोषाहार एवं स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया गया। चलित स्वास्थ्य इकाई में एमबीबीएस डॉक्टर के साथ अन्य प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व निर्धारित स्थानों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य



शिविर आयोजित किए जाने की योजना है जहां जरूरतमंदों को नि:शुल्क परामर्श और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मुधमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद हैं। सामान्य बीमारियों के लिए दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

चलित स्वास्थ्य इकाई के उद्घाटन पर वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि "स्वस्थ भारत बनाने के विजन के अनुरूप वेदांता पावर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकारों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, उद्योगों और समुदायों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। आरोग्य परियोजना के जरिए हमारा लक्ष्य जरूरतमंदों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है ताकि उन्हें स्वस्थ व मजबूत जीवन जीने में मदद मिल सके।" देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए व्हीएलसीटीपीपी प्रबंधन कटिबद्ध है। चलित स्वास्थ्य इकाई से ग्रामीणों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को लाभ मिलेगा। श्री पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की दिशा में चलित स्वास्थ्य इकाई अहम साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि व्हीएलसीटीपीपी की पहल से सक्ती जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे।


वेदांता पावर की सीएसआर प्रमुख कृतिका भट्ट ने बताया कि चलित स्वास्थ्य इकाई के माध्यम से ग्रामीणों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समय-समय पर महिलाओं, बच्चों और पुरुषों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र के नागरिक व्हीएलसीटीपीपी की इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएंगे। इस अवसर पर व्हीएलसीटीपीपी के प्रचालन एवं अनुरक्षण प्रमुख सुसीम बेहरा, वाणिज्य प्रमुख मयंक पतंगीवार और पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन, नई दिल्ली की परियोजना प्रमुख अंजना कुमार मौजूद थीं।कार्यक्रम में मौजूद देवरघटा क्षेत्र की बीडीसी सदस्य काजल किरण डनसेना, सिंघीतराई के उप सरपंच नरेंद्र डनसेना, सिंघीतराई कृषि सहकारी साख समिति के अध्यक्ष अमृत डनसेना, सिंघीतराई के पंच बलदेव टंडन एवं ओड़ेकेरा सरपंच प्रतिनिधि चंद्रिका चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में व्हीएलएसीटीपीपी की पहल को प्रशंसनीय बताया। जन प्रतिनिधियों ने कहा कि चलित स्वास्थ्य इकाई से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक चिकित्सा गांव में ही मिल सकेगी। वेदांता समूह भारत के सबसे बड़े निजी थर्मल ऊर्जा उत्पादकों में से एक है, जिसके पास 12,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर उत्पादन करने की क्षमता है। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादन में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए वेदांता पावर समर्पित है। वेदांता पावर के प्लांट मानसा, पंजाब (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड), सिंघीतराई, छत्तीसगढ़ (वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट), तिरुपति, आंध्र प्रदेश (मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड) और झारसुगुड़ा, ओडिशा (झारसुगुड़ा आईपीपी प्लांट) स्थित हैं। इन संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 4,780 मेगावाट है, जो देश भर में विभिन्न डिस्कॉम, उपयोगिताओं और उद्योगों को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी दोषसिद्ध, न्यायालय ने सुनाई सजा

### अधिवक्ता धनेश की प्रभावी पैरवी

**कोरबा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा की अदालत ने चेक बाउंस के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में आरोपी को दोषसिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई है। यह निर्णय माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. कुमुदनी गर्ग द्वारा पारित किया गया।

प्रकरण में परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत न्यायालय ने आरोपी बजरंग सिंह कंवर, पिता धरम सिंह कंवर, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बेलटिकरी दीपका, तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) को धारा 138



परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत दोषसिद्ध पाया। माननीय न्यायालय ने आरोपी को छ: माह के सश्रम कारावास तथा 1,30,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। निर्णय के संबंध में अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने कहा कि यह न्याय की विजय है। ऐसे निर्णयों से आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगेगा तथा आम नागरिकों और वित्तीय संस्थाओं का न्यायपालिका के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

## जैजेपुर जाएंगे बसपा कार्यकर्ता

**कोरबा।** बसपा के संस्थापक सदस्य कांशीराम की जयंती पर 15 मार्च को जैजेपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बाबूलाल टंडन ने बताया कि पिछले दिनों बसपा के जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को जैजेपुर ले जाने की जवाबदारी दी गई।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु एक युवक की आवश्यकता है। उम्र 20 से 30 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं अनिवार्य।

संपर्क करें

92294-37294







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com